डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.adhuniksamachar.com



PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



PG-8

सिनेमाः-सनी देओल की 'चुप' ने 'ब्रह्मास्त्र' के सामने लगाई ऊंची दहाड़

वर्ष -08 अंक -179 | प्रयागराज, सोमवार, 26 सितम्बर, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### छापेमारी के बाद एक्शन में गृह मंत्रालय, संगठन को बैन करने की तैयारी

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय पापुलर फ्रंट आफ इंडिया पर बैन लगाने की तैयारी कर रहा है। देशभर में 22 सितंबर को और ने के मौजूद ठिकानों पर छापेमारी की थी। इसके बाद जांच एजेंसियों द्वारा जो सबूत इकट्ठा किए गए हैं, उनके आधार पर केंद्रीय गृह मंत्रालय इस पर बैन लगाने की तैयारी में है। सूत्रों के अनुसार,



AMIT SHAH

बैन लगाने के पहले गृह मंत्रालय के अधिकारी पूरी तैयारी कर लेना चाहते हैं, ताकि अगर बैन को चुनौती दी जाए, तो उनका पक्ष कमजोर ना पड़े। बता दें कि गुरुवार को देश के 15 राज्यों में हुई छापेमारी में जांच एजेंसियों को के खिलाफ आतंकी गतिविधियों में शामिल होने के पुख्ता सबूत मिले हैं। इसी को आधार बनाकर जल्द ही इसे बैन के दायरे में लाया जा सकता है। इसी को लेकर छापेमारी के तुरंत बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और चीफ से मीटिंग भी की थी। इसमें के खिलाफ जुटाए गए तथ्यों की समीक्षा और आगे की कार्यवाही के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। सूत्रों के अनुसार, को बैन करने से पहले गृह मंत्रालय कानूनी सलाह भी ले रहा है, ताकि जब इस मामले में संबंधित पक्ष अदालत में जाए तो सरकार की तैयारी पूरी हो। ऐसा इसलिए भी किया जा रहा है, क्योंकि साल 2008 में सिमी पर लगे प्रतिबंध को केंद्र सरकार को हटाना पड़ा था।

### पर्यटकों को जंगल का हाल बताकर बाघों की कहानियां सुनाएंगी शक्तिस्वरूपा

(आधुनिक समाचार सेवा)

उमरिया। वन्यजीव पर्यटन में अभी तक पुरुष गाइड ही पर्यटकों को जंगल का हाल बताकर बाघों के किस्से सुनाते थे। अब बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में शक्तिस्वरूपा महिलाएं बाघों की दहाड़ से पर्यटकों को परिचित कराएंगी, बाघों का इतिहास बताएंगी और उनकी कहानियां सुनाएंगी। इसके लिए रिजर्व क्षेत्र के गांव ताला और आसपास के कई गांवों की 25 महिलाओं ने इस मिथक को नकार दिया है कि वन्यजीवों के बीच बहादुरी सिर्फ पुरुष का ही एकाधिकार है।

## ब्रेक न लगने से खाई में समा गया पर्यटकों से भरा वाहन, दिल्ली से कुल्लू घूमने आए थे चार राज्यों के 17 लोग, सात की मौत

(आधुनिक समाचार सेवा)

**कुल्लू/बंजार।** हिमाचल प्रदेश जिला कूल्लू के खूबसूरत पर्यटन स?थल जलोड़ी जोत घूमने गया 17 लोगों का ग्रुप हादसे का शिकार हो गया। बंजार के घयागी में पर्यटकों की टेंपो ट्रेवलर करीब 500 फीट खाई में गिर गई। हादसे में 7 पर्यटकों की मौत हो गई, जबकि 10 घायल हैं। हादसा देर रात 9 बजे के करीब हुआ। राष्ट्रीय राजमार्ग 305 पर घ्यागी में पहले भी हादसे हो चुके हैं। सड़क तंग होने और बारिश के कारण फिसलन यहां पर हादसों का प्रमुख कारण बनती है। आइआइटी वाराणसी के विद्यार्थियों सहित कुल 17 पर्यटक दिल्ली के मजनूं टिल्ला से यूपी नंबर की टेंपो ट्रेवलर यूपी 14 एचटी 8242 बुक करके कुल्लू घूमने आए थे। इनमें चार राज?यों के पर्यटक शामिल थे। रविवार रात को करीब नौ बजे जब यह पर्यटक जलोड़ी जोत से घूमकर वापस बंजार की ओर आ रहे थे, तो घ्यागी मोड़ के समीप उतराई में ब्रेक न लगने के कारण गाड़ी सीधे 500 फीट खाई में जा गिरी। हादसे में गाड़ी के परखच्चे





उड़ गए। मौके पर ही 4 पर्यटकों की मौत हो गई, जबकि बाकी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की चीखें सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उनको खाई से निकालकर अपने वाहनों में बंजार अस्पताल पहुंचाया। हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची। तीन पर्यटकों ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। बंजार अस्पताल में घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत को देखते हुए कूल्लु और नेरचौक अस्पताल रेफर किया गया। घटना की सूचना मिलते ही विधायक सुरेंद्र शौरी भी अस्पताल पहुंचे। मुख्यमंत्री घायलों को रेफर करने के दृष्टिगत मनाली-चंडीगढ़ हाईवे को खुला रखने के निर्देश दिए घायलों ने बताया कि गाड़ी के ब्रेक लेदर गर्म हो गए थे, इस कारण ब्रेक नहीं लग रही थी। चालक ने गाड़ी को रोका भी, लेकिन अंधेरा और मौसम खराब होने के कारण पर्यटकों ने धीरे धीरे चलने को कहा। इसके बाद कुछ दूरी पर गाड़ी ब्रेक के काम न करने पर सीधे खाई में गिर गई। यहां बिल?कुल उतराई है व लगातार ब्रेक लगाने के कारण इस तरह की तकनीकी समस्या आती है। 32 वर्षीय जय अग्रवाल पुत्र गणेश अग्रवाल निवासी ग्वालियर मध्य प्रदेश, 23 वर्षीय इशान निवासी फरीदावाद हरियाणा, 30 वर्षीय अभिनय सिंह निवासी लखनऊ उत्तर प्रदेश, 28 वर्षीय राहुल गोस्वामी निवासी हिसार हरियाणा, 22 वर्षीय ऋषभ निवासी न्यू दिल्ली, 42 वर्षीय अजय गाजियाबाद उत्तर प्रदेश, 20 वर्षीय लक्ष्य निवासी जयपुर राजस्थान, 30 वर्षीय निष्ठा निवासी कानपुर उत्तर प्रदेश, 30 वर्षीय सतीजा निवासी हिसार हरियाणा के रूप में हुई है।

## आंध्र प्रदेश के तिरुपति में नवनिर्मित अस्पताल में भीषण आग से डाक्टर और दो बच्चों की मौत

(आधुनिक समाचार सेवा)

**तिरुपति।** आंध्र प्रदेश के तिरुपति के रेनीगुंटा में नवनिर्मित एक अस्पताल में रविवार को तड़के भीषण आग लग गई जिसमें डाक्टर और दो बच्चों की मौत हो गई। इस अस्पताल का नाम कार्तिकेय बताया जाता है। पुलिस के अनुसार मृतक बच्चों की पहचान सिद्धार्थ रेड्डी (12) और कार्तिका (6) के रूप



में हुई है। समाचार एजेंसी एएनआइ की रिपोर्ट के मुताबिक मृतक बच्चों के माता-पिता डॉक्टर रविशंकर रेड्डी और डॉ. अनंतलक्ष्मी सुरक्षित बताए जाते हैं। दमकल अधिकारियों के मुताबिक घटना बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण हुई। घटना के बाद पुलिस और दमकल की गाडियां आनन फानन में मौके पर पहुंच गई। वहीं समाचार एजेंसी पीटीआइ की रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारियों ने बताया कि डॉ. रेड्डी की 11 वर्षीय बेटी और सात साल के बेटे ने भूतल से धुआं उठता देख घबराकर खुद को बाथरूम में बंद कर लिया। इससे बाथरूम में उनका दम घुट गया। यह तीन मंजिला इमारत थी जिसके भूतल पर डॉ. रेड्डी का परिवार एक क्लीनिक चलाता था। पुलिस का कहना है कि डा. रविशंकर रेड्डी का जला हुआ शव दूसरी मंजिल से बरामद किया गया। बताया जाता है कि आग सुबह 4:30 बजे लगी। डॉक्टर और उनका परिवार अस्पताल में ही रहता था जिस समय आग लगी उस समय पूरा परिवार सो रहा था। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के बाद यह घर एक गैस चैंबर में तब्दील में हो गया। कुछ रिपोर्टों में डॉक्टर की भी मौत होने की बात कही जा रही है। पूरे घर में धुंवा भरने से डॉक्टर बाहर नहीं निकल पाए और बेहोश हो गए। बच्चों की मौत भी जहरीली गैस के कारण बताई जाती है। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने बताया कि दमकल कर्मी दरवाजा तोड़कर जब घर के भीतर दाखिल हुए तब लड़की और लड़के को बाहर निकाल कर दूसरे अस्पताल ले जाया गया। हालांकि दोनों की इलाज के दौरान मौत हो गई। अगिन्शमन विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि पूरा घर फर्नीचर और दूसरे सामान से पैक था। इतना ही नहीं घर के खिड़की और दरवाजे भी बंद थे। बताया जाता है कि आंध्र प्रदेश में चार दिन के भीतर आग लगने की यह दूसरी बड़ी घटना है।

## मोहन भागवत बोले- भारत में रहने वाला हर व्यक्ति हिंदू, धर्म बदलने की किसी को जरूरत नहीं

(आधुनिक समाचार सेवा)

**शिलांग।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि भारत में रहने वाले सभी लोग के दक्षिण में, हिंद महासागर के उत्तर में और सिंधु नदी के तट के निवासियों को परंपरागत रूप से हिंदू कहा जाता है। इसे भारत भी कहते हैं। उन्होंने



पहचान के मामले में हिंदू हैं। आरएसएस के दर्शन के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि हिंदू एक धर्म नहीं, बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है। शिलांग में एक सभा को संबोधित करते हुए आरएसएस प्रमुख ने कहा कि हिंदुस्तान में रहने वाला हर नागरिक हिंदू है भागवत ने कहा कि हिमालय कहा कि इस्लाम का प्रसार करने वाले मुगलों और ईसाई धर्म का प्रसार करने वाले ब्रिटिश शासकों से भी पहले हिंदू अस्तित्व में थे। आरएसएस की विचारधारा पर प्रकाश डालते हुए भागवत ने कहा कि हिंदू शब्द उन सभी को शामिल करता है जो भारत माता के पुत्र हैं।

## आखिर किन नियमों के तहत किसी को युद्ध अपराधी किया जा सकता है घोषित

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति को यूक्रेन और अमेरिका भले ही युद्ध अपराधी कहते आ रहे हैं लेकिन महज कहने



भर से ही वो युद्ध अपराधी बन जाएंगे ऐसा नहीं है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र द्वारा गठित स्वतंत्र आयोग की जांच रिपोर्ट में रूसी सेना युद्ध अपराध करने की पुष्टि काफी हद तक हो चुकी है। इस रिपोर्ट के केंद्र में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन हैं। इसके बाद भी ये जानना बेहद जरूरी है कि आखिर इसके लिए अंतरराष्ट्रीय नियम क?या कहते हैं। बता दें कि जिनेवा में 1949 में कुछ नियम बनाए गए थे जो जंग से संबंधित थे, इन्हें आज हम जिनेवा कंवेंशन के नाम से जानते है। जिनेवा कंवेंशन में बनाए गए करीब 161 नियमों को इंटरनेशनल ह्यूमैनेटिरियन ला या ला आफ वार भी कहा जाता है। इनमें जंग लड़ने के तरीकों के बारे में विस्तार से इस बारे में बताया गया है। इनमें इस बात का भी जिक्र किया गया है कि यदि कोई इन नियमों को तोड़ता है या उल्लंघन करता है तो वो युद्ध अपराधी कहलाया जाएगा। इन नियमों को बनाने के पीछे जापान पर अमेरिका द्वारा गिराए गए दो परमाणु बम थे, जिनसे करीब 3 लाख लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद ही ये नियम बने थे। जिनमेवा कंवेशन में बने ला आफ वार का चैप्टर 44 खासतौर पर युद्ध अपराध की परिभाषा को ही व्यक्त करता है। चैप्टर 44 में कहा गया है कि युद्ध के दौरान बंदियों के साथ अमानवीय बर्ताव करना या उन?हें टार्चर करना, नृशंस हत्या करना, युद्धबंदियों को ट्रायल से रोकना, आम नागरिकों को निशाना बनाना और उन्हें अपनी ढाल के रूप में इस्तेमाल कर उनको बंधक बनाना, उनकी संपत्ति पर कब्जा करना, रिहायशी इलाकों, इमारतों, स्कूल, कालेज, घर, मेडिकल वर्कर्स, पत्रकारों,अस्पतालों, यूएन की राहत यूनिटों, ऐतिहासिक धरोहरों, धार्मिक स्थलों, सांस्कृतिक धरोहरों, आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए बनाए गए शेल्टरों, और डिमिलिटराइज्ड जोन को निशाना बनाना जैसे अपराध युद्ध अपराध की श्रेणी में आते हैं।

## 27 सितंबर को बीजेपी ने बुलाई बैठक सभी राज्यों के प्रभारी होंगे शामिल

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** चुनावों को लेकर बीजेपी ने राज्य प्रभारियों की एक बैठक बुलाई है। ये बैठक 27 सितंबर को होने वाली है। इस बैठक में भी राज्यों के प्रभारी शामिल होंगे। सूत्रों के मुताबिक इस बैठक की अध्यक्षता बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष करेंगे। बैठक में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी शामिल हो सकते हैं। इस बैठक से पहले सभी प्रभारी अपने प्रभार में संबंधित राज्यों का दौरा भी कर रहे हैं। राज्यों में संगठन को मजबूत करने के लिए इस तरह की बैठकें हो रही हैं और केंद्रीय नेतृत्व लगातार अलग-अलग राज्यों का दौरा कर रहा है। नड्डा इसी महीने तमिलनाडु के दो दिवसीय दौरे पर थे। इस दौरे के दौरान वह पार्टी नेताओं के साथ संगठनात्मक बैठक करेंगे। वह विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियों से मिलेंगे और एक रैली को भी संबोधित करेंगे।



## शहीद भगत सिंह के नाम से जाना जाएगा चंडीगढ़ एयरपोर्ट

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज 'मन की बात' के 93वें एपिसोड को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने चंडीगढ़ हवाई अड्डे का नाम



बदलने का ऐलान किया। पीएम मोदी ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि 28 सितंबर को अमृत महोत्सव का विशेष दिन आ रहा है। इस दिन हम भारत मां के वीर सपूत भगत सिंह की जयंती मनाएंगे। हमने एक महत्वपूर्ण निणय लेते हुए यह तय किया है कि चंडीगढ़ एयरपोर्ट का नाम अब शहीद भगत सिंह के नाम पर रखा जाएगा। इसकी लंबे समय से प्रतीक्षा थी। पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के दौरान हाल ही में नामीबिया से देश में लाए गए चीतों का जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि 70 साल के बाद देश में चीतों की वापसी हुई है। पिछले दिनों इन चीतों ने हमारा ध्यान आकर्षित किया है। चीतों के देश में लौटने से देश में खुशी का माहौल है। पीएम मोदी ने कहा कि देश के कोने-कोने से लोगों ने चीतों के लौटने पर खुशियां जताई है। सभी का सवाल है कि चीतों को देखने का अवसर कब मिलेगा। उन्होंने कहा कि चीतों के लिए एक टास्क फोर्स बनी है, जो इनकी निगरानी कर रही है। जैसे ही ये माहौल में घुल-मिल जाएंगे तो इन्हें देखने का मौका मिलेगा। प्रधानमंत्री ने मन की बात में श्ब् उदन् ऐप पर चीतों का नाम सुझाने के लिए भी कहा है। इसके साथ ही पीएम मोदी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को आज याद किया। पीएम मोदी ने कहा कि आज 25 सितंबर को देश के प्रखर मानवतावादी, चिंतक पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्मदिन मनाया जाता है। उनके विचारों की खूबी यही रही है उन्होंने अपने जीवन में विश्व की बड़ी उथल-पुथल को देखा था। वे विचारधाराओं के संघर्षों के साक्षी बने। पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के दौरान कहा कि हमारे त्योहारों के साथ देश का एक नया संकल्प भी जुड़ा है।

## गुलाम नबी आजाद आज पहले नवरात्र पर कर सकते है नई पार्टी के नाम की घोषणा

(आधुनिक समाचार सेवा)

**जम्मू।** गुलाम नबी आजाद की नई पार्टी का नाम व झंडा फाइनल हो चुका है। आजाद आज पहले नवरात्र पर पार्टी के नाम का एलान कर सकते हैं। इसके लिए सारी तैयारियां



कर ली गई है। आजाद गत रविवार सुबह जम्मू कश्मीर के चार दिवसीय दौरे पर जम्मू पहुंचे। जम्मू हवाई अड्डे से आजाद सीधे गांधी नगर स्थित अपने आवास पहुंचे। अपने आवास के बाहर पत्रकारों से संक्षिप्त बातचीत में आजाद ने कहा कि मैं यहां पर नेताओं व कार्यकर्ताओं से मिलने लिए आया हूं। पार्टी लांच करने से पहले सोमवार को मीडिया को आमंत्रित करूंगा। उनके करीबियों के अनुसार नाम व झंडा फाइनल हो चुका है। जल्द ही इसका एक दो दिन में खुलासा हो जाएंगा। सूत्रों ने बताया कि आजाद की आज पहले नवरात्र पर पार्टी के नाम की घोषणा करने की तैयारी है। आजाद के आवास पर दिन भर बैठकों का दौर चला। इसमें पूर्व उपमुख्यमंत्री ताराचंद, डा. मनोहर लाल शर्मा, जीएम सरूरी, अब्दुल मजीद वानी, बलवान सिंह, गौरव चोपड़ा, जुगल किशोर आदि शामिल हुए। इस दौरान पार्टी के नाम पर चर्चा की गई। जम्मू का दो दिवसीय दौरा पूरा करने के बाद आजाद 27 सितंबर को श्रीनगर का रुख करेंगे। वह दो दिन तक कश्मीर में पार्टी नेताओं से बैठकें करेंगे आजाद को जम्मू कश्मीर से पंद्रह हजार से अधिक लोगों ने पार्टी के नाम के सुझाव दिए थे। हालांकि वह पार्टी के नाम पर दिल्ली में विचार विमर्श कर चुके हैं लेकिन फाइनल करने के लिए उन्होंने जम्मू कश्मीर के नेताओं से भी विस्तार से चर्चा की। सितंबर माह में गुलाम नबी आजाद का यह दूसरा दौरा है। इससे पहले कांग्रेस छोड़ने के बाद चार सितंबर को जम्मू कश्मीर आए थे। रैलियां की और चार सौ से अधिक प्रतिनिधिमंडलों से बातचीत की थी।पार्टी का एजेंडा स्पष्ट किया लेकिन पार्टी के नाम का फैसला नहीं हो पाया था। आजाद अनुच्छेद 370 पर अपनी राय को स्पष्ट कर चुके है कि यह अनुच्छेद फिर से वापिस नहीं आ सकता क्योंकि इसके लिए संसद में दो तिहाई बहुमत चाहिए। वह कह चुके है कि उनकी पार्टी जम्मू कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने, स्थानीय लोगों के लिए नौकरियां व भूमि के अधिकार सुरक्षित करने के लिए संघर्ष करेंगे वह महिलाओं के सम्मान, कश्मीरी विस्थापितों के पुनर्वास करने, हर क्षेत्र के बराबर विकास करने पर काम करेंगे। आजाद के समर्थन में कांग्रेस के अधिकतर नेता पहले ही पार्टी छोड़ चुके हैं।

## मुंबई के विले पार्ले में भरभराकर गिरीं 7 झुग्गियां

(आधुनिक समाचार सेवा)

**मुंबई।** मुंबई के विले पार्ले इलाके में रविवार रात कई झुग्गियों को बड़ा नुकसान हुआ है। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने कहा कि रविवार रात जुहू के विले पार्ले के इंद्र नगर इलाके में स्थित एक नाले में सात झुग्गियों का एक हिस्सा गिर गया। घटना के बाद, सुरक्षा कारणों से उसी क्षेत्र में 24 झोपडि़यों को खाली कर दिया गया और उनमें रहने वाले निवासियों को एक स्कूल में स्थानांतरित कर दिया गया। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बीएमसी के एक अधिकारी ने कहा कि घटना के बाद दमकल की दो गाडि़यां मौके पर पहुंचीं और लोगों को बचाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि 30 से ज्यादा झुग्गियां क्षतिग्रस्त हुई हैं। वहीं, कम से कम पास की 24 झुग्गियों को खाली कराया गया और निवासियों को नगर निगम के एक स्कूल में भेजा गया है। उन्हें भोजन एवं पानी दिया गया है।



# ग्राम सभा सेहुंडा की सोशल ऑडिट की बैठक सम्पन्न

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**(बारा) प्रयागराज।** विकासखंड क्षेत्र जसरा के सेहुंडा गाँव में प्रयागराज जिले से आये अधिकारियों द्वारा ग्राम सभा की सोशल ऑडिट की बैठक हुई। जिसमें आये हुए अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2011 में हुई जनगणना के तहत ही अब तक लोगों को सरकार द्वारा आवास स्वीकृत किये गए हैं। पुराना सत्र समाप्त होने के बाद अब पुनः पात्र व्यक्तियों को ही सरकारी आवास योजना का लाभ मिलेगा।ऑनलाइन आवेदन करने के बाद विकासखंड से नामित अधिकारियों द्वारा भौतिक सत्यापन करने के बाद ही इस सुविधा का लाभ मिलेगा।मनरेगा योजना के तहत जॉबकार्ड धारकों को एक साल में न्यूनतम 100 दिनों का काम दिया जाता है।और जो भी ग्रामवासी जॉबकार्ड बनवाने के इच्छुक हैं, आवश्यक दस्तावेज के साथ पंचायत-भवन आकर जॉबकार्ड बनवा सकते हैं।लेकिन जॉबकार्ड बन जाने के बाद मनरेगा योजना के अंतर्गत काम करने की बाध्यता होती है।काम न करने वाले लोगों का जॉबकार्ड एक वर्ष बाद निरस्त किया जा सकता है। इस दौरान प्रयाग प्रभात टीम के यमुनापार प्रभारी महेश प्रसाद त्रिपाठी, जसरा ब्लाक प्रभारी यादवेंद्र सिंह यादव, ग्राम प्रधान रज्जन आदिवासी, राजू कुशवाहा, सुरेन्द्र सिंह (खबरीलाल),रामभवन विश्वकर्मा, त्रिभुवन विश्वकर्मा, पूर्व प्रधान कलामुद्दीन, अंजनी आदिवासी, सुनील,शुभम,अनुराग पाल सहित सैकड़ों महिलाएं व पुरूष मौजूद रहे।




# नहीं सुधर रही बिजली व्यवस्था रोजाना फाल्ट,उपभोक्ता हैरान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**(बारा) प्रयागराज।** बारा क्षेत्र में आये दिन बिजली व्यवस्था धड़ाम होती जा रही है।कभी 33 हजार लाइन ब्रेक डाउन हो जाती है तो कभी पावर हाउस से आने वाली लाइन में फाल्ट होता रहता है। आखिर बिजली विभाग की यह कैसी व्यवस्था है क्या बिजली के तार या खम्भे कागज या घास-फूस के बने हैं, जो जरा सा भी पानी बरसने या हवा चलने से भी मुरझा जाते हैं। इस बार तो समूचे बारा क्षेत्र में 33 हजार लाइन सबसे ज्यादा ब्रेक डाउन हुई है। कभी बिजली विभाग ने इस पर भी विचार किया है कि हम लोग उपभोक्ताओं से जबरन वसूली तो करते है और सप्लाई कितने घण्टे दे रहे हैं। जिस दिन बारा क्षेत्र के उपभोक्ताओं का धैर्य जवाब देगा, उस दिन बिजली विभाग के कर्मचारियों को गांवों में जाने से पहले सोचने पर विवश होना पड़ेगा। सबसे मुसीबत खड़ी है कि सरकार द्वारा मिट्टी का तेल भी बन्द किया जा चुका है,अब शाम को बिजली कटने पर लोगों के घर खाना बनाने की समस्या, बच्चों को पढ़ने की समस्या,वृद्धों और रोगियों को हवा न मिलने की समस्या, नवजात शिशुओं को मच्छरों से समस्या, बारिश का मौसम होने से जहरीले जीव-जंतुओं की समस्याओं से उपभोक्ताओं को कितनी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। बारा क्षेत्रवासियों ने बिजली विभाग एवं प्रदेश सरकार से निवेदन किया है कि जितना जोर उपभोक्ताओं को बिल जमा करने पर दिया जाता है, उतना जोर ही बिजली व्यवस्था को दुरुस्त रखने में लगाने से आमजनमानस व बिजली विभाग दोनों खुशहाल हो सकते हैं।



# कृत्रिम अंग उपकरण वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** प्रधानमंत्री जी के जन्म दिवस के तहत दिनांक 17 सितम्बर से प्रारम्भ हुये सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत तुलसीसदन (हादीहाल) सभागार में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा कृत्रिम अंग उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजित किया गया।भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य सम्मिलित हुये। कार्यक्रम का शुभारम्भ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। इस अवसर पर विधायक सदर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने दिव्यांगजनों के लिये कल्याणकारी योजनायें बनायी है और उन पर अमल करना शुरू किया है। उनके द्वारा किये गये प्रयासों से सभी दिव्यांगजनों को प्रोत्साहन मिला है और उन्हें समाज में उचित स्थान प्राप्त हुआ है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री जी की इस पहल में उनके द्वारा चलाया गया सेवा पखवाड़ा में आयोजित इस कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को जो कृत्रिम उपकरण प्रदान किये जा रहे है। यह प्रधानमंत्रीजी की एक अच्छी सोच और नई दिशा का परिणाम है कि आने वाले समय में हमारी सरकार द्वारा दिव्यांगजनों की भलाई के लिये किये गये कार्य वरदान साबित होंगे। कार्यक्रम के दौरान बेसिक शिक्षा विभाग के 23 विशेष बच्चों सहित कुल 130 दिव्यांगजनों को हियरिंग एड, वैशाखी, स्मार्ट फोन, एवं सीपी चेयर का वितरण अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सच्चिदानन्द ने आये हुये सभी अतिथियों का स्वागत एवं कार्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इस अवसर पर ओम प्रकाश पाण्डेय सदस्य सलाहकार समिति एफसीआई उत्तर प्रदेश, रूचि केसरवानी जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, नगर मण्डल महामंत्री आलोक गर्ग, अंशुमान जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा, अभिषेक वैश्य मीडिया प्रभारी विधायक सदर, राघवेन्द्र शुक्ला मीडिया प्रभारी, जिला मंत्री राजेश सिंह सहित अजय वर्मा, रामजी मिश्र, साधु, ताऊ आदि पार्टी के महत्वपूर्ण पदाधिकारी व ए0आर0पी0 धर्मेन्द्र ओझा, सुप्रिया सिंह, पुष्पा पाण्डेय, दिनेश आदि सम्मिलित रहे। कार्यक्रम का संचालन डाक्टर मोहम्मद अनीस ने किया।



# जिला महिला विंग टीम ने मुट्ठीगंज मे महिलाओं को जागरूक अभियान चलाया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**(बारा) प्रयागराज।**( नेशनल हुमन राइट एंड क्राइम कंट्रोल ब्यूरो ) जिला महिला विंग टीम ने मुट्ठीगंज मे महिलाओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया (विजेता क्रिएशन) स्थित जो की महिलाओं को सिलाई बुनाई का कार्य सिखाती हैं, इस कार्यक्रम में पिछड़े वर्ग की महिलाएं भी शामिल रही उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए हो प्रोग्राम किया गया इस कार्यक्रम में ९ॅण्ँ प्रयागराज महिला टीम की तरफ से न्यू मेंबर पूनम सिंह जी को सदस्यता सर्टिफिकेट दिया गया और महिलाओं के अधिकार को लेकर सभी महिला पदाधिकारी ने अपने अपने विचार व्यक्त किए इस प्रोग्राम में महिलाओं को लेकर उनके अधिकारों के लेकर चर्चा की गई इसमें शामिल हुई - मीरा सिंह जिला संरक्षक, नीता भरद्वाज जिला संरक्षक, सदस्य के रूप में भावना जी , सन्हे लता जी कार्यक्रम में शामिल हुए यह कार्यक्रम काफी सफल रहा महिलाओं को जागरूक करने के लिए प्रयागराज जिला संरक्षक नीता जीने कार्यक्रम का संचालन किया और इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए महिला विन की जिला अध्यक्ष श्वेता जी ने भी महिलाओं को उनके अधिकार को लेकर उन्हें जागरूक किया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला टीम का काफी सहयोग रहा जिससे आगे भी जागरूकता प्रोग्राम को सफल बनाया जा सके।




# विस्फोटक सामग्री के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**(बारा) प्रयागराज।** थाना क्षेत्र के सुंदरपुर निवासी हेत लाल आदिवासी को मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर अवैध विस्फोटक सामग्री के साथ बारा पुलिस ने गिरफ्तार किया। बता दें कि निरीक्षक राजेश कुमार सचान उपनिरीक्षक कौशलेंद्र बहादुर कांस्टेबल दिनेश पाल धर्मेंद्र मौर्य रजत कुमार गश्त पर निकले थे तभी मुखबिरों से सूचना मिली कि लोहगरा रेलवे स्टेशन पर हेत लाल आदिवासी अवैध विस्फोटक सामग्री के साथ बैठा है। तभी पुलिस की टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के पश्चात विभिनन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया गया।




# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने थैंक गॉड फिल्म का किया विरोध

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** प्रयागराज में कल अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वधान में अजय देवगन द्वारा अभिनीत फिल्म थैंक गॉड में भगवान चित्रगुप्त को अमर्यादित तरीके से उनके चरित्र एवं वेशभूषा को प्रस्तुत किया गया है जिसके विरोध में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ संजय श्रीवास्तव राजन के नेतृत्व में फिल्म के कलाकारों एवं निर्माता के विरोध में प्रदर्शन एवं पुतला दहन किया गया राजन ने हिंदू देवी देवताओं के अपमानित करने पर रोष व्यक्त किया और चेतावनी दिया की सिनेमा जगत में इस तरह के कृत्यों पर पाबंदी लगाई जाए अन्यथा हिंदू समाज सड़क से लेकर सदन तक लड़ने के लिए बाध्य होगा विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से गोपी कृष्ण श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष रिंकू श्रीवास्तव, अभिनव श्रीवास्तव, अभिनव श्रीवास्तव, केके श्रीवास्तव, राजीव वर्मा, अनिल श्रीवास्तव, पीयूष श्रीवास्तव, अरुण श्रीवास्तव, श्रीकांत श्रीवास्तव, अश्वनी श्रीवास्तव, रतन खरे, विवेक गौड़, श्रीकांत श्रीवास्तव, जय श्रीवास्तव, शशि भूषण त्रिपाठी, चंदन, बंटी तथा अन्य सैकड़ों हिंदू संगठन के लोग उपस्थित रहे।



# इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में एबीविपी ने फीस बढ़ोतरी के विरोध में की तालाबंदी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** पिछले 10 दिनों से फीस वृद्धि को लेकर डीएसडब्लूयू कार्यालय पर प्रदर्शन कर रहे एबीवीपी कार्यकर्ता उग्र हो गए। सुबह 8:00 बजे ही परिसर में तालाबंदी कर दी। केपीयूसी गेट लाइब्रेरी गेट छात्रसंघ भवन गेट सहित विश्वविद्यालय में प्रवेश के सभी रास्तों पर ताला जड़ दिया। साथ ही विश्वविद्यालय में छात्रों ने पढ़ाई बाधित करने की तैयारी कर ली है। परिसर में अचानक हुई इस घटना के बाद पुलिस बल की संख्या बढ़ा दी गई। एडीएम सिटी ने पहले समझाने की कोशिश की फिर करीब साढ़े दस बजे ताला तोड़कर गेट खोलवा दिया जिसके बाद छात्र-छात्राएं कक्षाओं में जा सके।





# प्रवेश सूचना

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

(आई0 एस0 ओ0 प्रमाणित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र)

भारत सरकार की कौशल विकास योजना मे समस्त, 2022 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। ट्रेड प्रवेश योग्यता तथ प्रस्तुत विविण पाठ्यक्रमों की अवधि के विवरण नीचे दिए गए है।

| क्र0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 1 वर्ष | 12वी पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वी पास |
| 3. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वी पास |
| 4. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वी पास |
| 5. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वी पास |
| 6. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 7. | सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 8. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 09. | रेफ्रिरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 10. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 11. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 12. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वी पास |

**प्रस्तुत विभिन्न पाठ्क्रमों में रिक्त की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखे।**

1. **प्रमाण पत्रः** सफल**प्रशिक्षणार्थियों** को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो सेवा में भर्ती के लिए मान्य योग्यता है।
2. **चयन की प्रक्रियाः** इस वर्ष कोविड–19 महामारी के चलते **सभी** सीटों पर दाखिले पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किये जायेगे।
3. **आयुः** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त, 2022 को न्यूनतम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करेः** ओवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है।
   **नोटः** आवेदन फार्म भरते हुए रू 2665 का पंजीकरण शुल्क भी (अप्रतिदेय) होगा।
5. **बस पासः** सरकार द्वारा **विद्यार्थियों** के लिए प्रति माह में रियायती एसी बस पास सुविधा उपलब्ध है, जो कि सभी बसों में मान्य है।
6. **छात्रवृत्तिः** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिसके पास आय प्रमाण पत्र हो, वो भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है।
7. अधिक जानकारी तथा ऑनलाइन आवेदन के लिए संस्थान की वेबसाइट www,nainiiti.com देखें।
8. दाखिले की अंतिम तिथि: **30 सितंबर 2022**
9. सफल अभ्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा रू 7700 प्रति माह की अप्रेंटिसशिप सुविधा उपलबध है।

**नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज**
सम्पर्क सूत्रः– 7518828710, , 9415608710, 6386474074, 9415608790

# खूनी रिश्ते की टूटने का गम सहन नही कर सका बाप

## पीएम मोदी के वाराणसी में बेटे की शादी टूटने से दुःखी बाप ने मौत को लगे लगाया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** कलयुग की इस आधुनिक दौर मे भले ही रोज रिश्ते बने बिगड़े कोई फर्क नही पड़ता है।किंतु कुछ पुराने ख्याल के बुजुर्ग



लोगो मे आज भी इंसानियत देखने को मिलती है। जब खूनी रिश्ते बिखरते है तो उनके सहन शक्ति टूटने लगती है। ऐसे मे असहनीय मानसिक पीड़ा उनके लिए जानलेवा भी बन जाती है।ऐसे ही एक हृदय विदारक घटना पीएम के संसदीय क्षेत्र वाराणसी मे देखने व सुनने को मिली है। जहा शहर में आज शनिवार को बेटे की शादी टूटने से बेहद दुःखी बुजुर्ग जनरल स्टोर संचालक ने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया और अपने जान दे दी। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। सूचना पाकर आई लंका थाने की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घर में ही खोल रखा था जनरल स्टोर लंका थाना अंतर्गत साकेत नगर, नरिया में जय प्रकाश पांडेय (62) का दो मंजिला मकान है। ग्राउंड फ्लोर पर वह जनरल स्टोर संचालित करते थे। उनके दो बेटे और एक बेटी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि उनका बड़ा बेटा नीलेश व्यापार करता है। नीलेश की शादी उन्होंने पहले ही कर दी थी।छोटा बेटा अंकित वकालत करने के साथ ही जनरल स्टोर के काम में भी पिता का हाथ बंटाता था। अंकित की की शादी तय हुई थी। लगभग ढाई महीने पहले किसी कारणवश अंकित की तय शादी टूट गई। इसके बाद से ही जय प्रकाश पांडेय अवसादग्रस्त रहने लगे थे। घर में न देख कर शुरू हुई खोजबीन जय प्रकाश पांडेय को शनिवार को घर में न देख कर परिजन उनकी खोजबीन शुरू किए। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली गई तो पता लगा कि वह बाहर निकले ही नहीं हैं। जनरल स्टोर के पीछे वाले कमरे में जाने पर पता लगा कि वह छत में लगे हुक से गमछे के फंदे के सहारे लटके हुए थे। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। वहीं, जय प्रकाश पांडेय के आत्मघाती कदम के बाद उनकी पत्नी मुन्नी देवी और परिजों का रो-रोकर बुरा हाल था।

# परिषदीय विद्यालयों में मिलने वाले यूनिफार्म की धनराशि का दुरुपयोग रोकने के लिए अपलोड करना होगा फोटो

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बलिया।** परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का यूनिफार्म पहने फोटो प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से डीबीटी योजना के तहत छात्र-छात्राओं को



मिलने वाली धनराशि का दुरुपयोग रोकने के लिए यह कवायद की जा रही है। चालू शैक्षिक सत्र में जिले 3.34 लाख बच्चों में प्रथम चरण में 1.57 लाख विद्यार्थियों का डाटा भेजा गया था, इसमें 91,741 अभिभावकों के खाते में 1,17,514 बच्चों के यूनिफार्म की धनराशि प्रति छात्र 12 सौ रुपये के हिसाब से पहुंची है। जिले में बच्चों के लिए लगभग 14.10 करोड़ रुपये भेजे गए हैं। 2.16 लाख बच्चों के आधार के सत्यापन में विलंब के कारण यह धनराशि नहीं पहुंची है। धनराशि मिलने के बाद बहुत से अभिभावक यह रकम दूसरे मद में खर्च कर दिए है। उनका बच्चा सामान्य यूनिफार्म में ही विद्यालय पहुंच रहा है। प्रधानाध्यापकों की शिकायतों के बाद शासन स्तर से यह निणय्य लिया गया है। उच्च प्राथमिक के बच्चों को अभी भी नहीं मिलीं पुस्तकें जिले के 2249 परिषदीय विद्यालयों में 3.34 लाख बच्चों के लिए 15.98 लाख पुस्तकों की डिमांड भेजी गई थी, इसमें अभी तक लगभग 10.50 लाख पुस्तकें की खेप पहुंची है। उसे बच्चों में वितरित कर दिया गया है 5.48 लाख पुस्तकें उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए आनी हैं। कई प्रकाशकों को टेंडर दिए जाने के बाद भी समय पर पुस्तकें नहीं पहुंची। इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित है। नया शिक्षा सत्र अप्रैल से शुरू है। बिना पुस्तकों के ही लगभग छह माह गुजर गए। बीएसए मनिराम सिंह ने कहा, यूनिफार्म से वंचित बच्चों के अभिभावकों के खाते में बहुत जल्द धनराशि आनी है। पुस्तकों की खेप शनिवार को भी पहुंची है। जो प्रकाशक पुस्तकों की सप्लाई में विलंब किए हैं उनको प्रति सप्ताह एक प्रतिशत की कटौती कर धनराशि का भुगतान किया जाएगा।

# रामेश्वर वरूणा तट पर श्राद्ध कर्म कर किया पितरों का तर्पण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**(हरहुआ) वाराणसी।** रामेश्वर पितृ विसर्जन पर पंचकोशी तीर्थ पड़ाव स्थित रामेश्वर वरूणा घाट पर रविवार को लोगों ने श्राद्ध कर्म कर पितरों का तर्पण किया। पितृ विसर्जन



के लिए रामेश्वर, रसूलपुर, पेडूका, परसीपुर ,हिरमपुर ,लक्षीपुर ,जगा पट्टी ,चक्का ,हथिवार, सेवापुरी, हाथी ,सोनवर्षा ,हरिहरपुर समेत कई गाँवो के ग्रामीण सुबह से ही वरूणा नदी तट पर पहुंचने लगे। नदी में बाढ़ के चलते घाट डूबे रहने पर सीढ़ियों के साथ बारजे और नदी उस पार असंख्यात कच्चे घाट पर पिंडा पारने का कार्य किया। वरूणा में सनन के बाद मिट्टी का बेदी बनाकर आटे के पिंड,पुष्प ,नैवेद्य, अन्य सामग्री के साथ पुरोहित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार व कर्म के साथ तर्पण किया। पितरों की श्रध्दांजलि अर्पित करने के बाद ब्राह्मणों व गरीबों को दान दक्षिणा प्रदान की।साथ ही साथ रामेश्वर महादेव मंदिर में स्थित देव विग्रहों का दर्शन किया। इस अवसर पर धन-धान्य ,सुख -समृद्धि ,संतान व स्वर्ग प्राप्ति समेत मंगल कामना की। पूजन अर्चन के बाद पितरों का निवाला निकाल ब्राह्मणों को भोजन कराया गया। रामेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी आचार्य प0 अनूप तिवारी, प0 प्रमोद तिवारी, ज्योतिषाचार्य प0 शीतला प्रसाद त्रिपाठी ने बताया कि अमावस्या तिथि शुभ पर्व है। जीवन चक्र में जीव परमात्मा से मिलने के लिए इस मुहूर्त में पृथ्वी लोक में अवतरित होते हैं उन्हें हम श्रद्धा भाव देते हुए उनका सहृदय पूजन कर कृत से कृतार्थ होते हैं। अपने कुल का स्मरण कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करते है।पितृ पक्ष या श्राद्ध पक्ष में मृत्यु तिथि पर पूर्वजो के नाम श्राद्ध किया जाता है। पितृ पक्ष अमावस्या को सर्व पितृ अमावस्या भी कहा जाता है। रामेश्वर घाट व मन्दिर के आस पास सुरक्षा के बाबत पुलिस बल लगाई गई थी। मुसहर समाज से जुड़े महिला,पुरुष व बच्चे घाट पर पत्तल,दोना, कुश समेत सामग्री देकर विक्री कर रहे थे।माली समाज की ओर से माला -फूल की दुकान लगा रखे थे। 101 वर्षीय चक्का गाँव निवासी लखपत गिरी ने भी अपने बेटे रामबली गिरी के सहयोग से हर वर्षों की भांति इस वर्ष भी पिंडदान किया।

# टाउन नेशनल में पत्रकारों का हुआ सम्मान समारोह, पत्रकारों के गिनाए दायित्व

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सैदपुर।** नगर स्थित टाउन नेशनल इंटर कॉलेज परिसर में पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रबंधक सनद कुमार पांडेय ने पत्रकारों का माल्यार्पण कर व उन्हें डायरी पेन देकर सम्मानित किया। इसके बाद उनके सम्मान में परिसर में ही सहभोज किया। कहा कि पत्रकारों के चलते समाज संतुलित रहता है। कहा कि अगर पत्रकार का दायित्व समाज के प्रति काफी बड़ा होता है। इस मौके पर ग्रापए अध्यक्ष मुन्नीलाल पांडेय, बिंदेश्वरी सिंह, दरोगा पांडेय, शिवकुमार, धनंजय यादव, आकाश बरनवाल, आशुतोष पांडेय, मोहम्मद इसरार, ओमप्रकाश, शुभम मोदनवाल, प्रधानाचार्य अनिल विश्वकर्मा, प्रत्युष त्रिपाठी, आशुतोष मिश्र आदि रहे।



# गोवंशों व मृत नीलगाय के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार, 4 की हो रही तलाश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सैदपुर।** स्थानीय पुलिस ने थानाक्षेत्र के एकौझी पुलिया के पास से मांस के लिए नीलगाय को मारकर ले जा रहे 3 गोतस्करों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 2 गोवंशों समेत 4 चाकू भी बरामद हुए। पुलिस ने उन्हें जेल भेज दिया है। कोतवाल विमलेश मौर्य सूचना के आधार पर एसआई हैदर अली व बृजेंद्र सिंह के साथ एकौझी पुलिया पास पहुंचे। वहां से उन्होंने मरे हुए नीलगाय व दो जिंदा गोवंशों समेत मेराज पुत्र रशीद, सरफराज पुत्र यूनुस व लालबहादुर राम पुत्र स्व. रामसकल राम निवासी डहरा कलां को धर दबोचा। इसके बाद थाने लाकर तीनों को जेल भेज दिया। इसके अलावा मौके से फरार 4 वांछितों की पुलिस तलाश कर रही है। जिसमें घुरहू पुत्र सेराज, गुड्डू हेला, सोनू पुत्र गुड्डू व करिया पुत्र मुमताज शामिल हैं। इस दौरान टीम में कोतवाल व एसआई के साथ कां. राजेंद्र शर्मा, अभिषेक तिवारी, इंद्रेश कुमार व बलराम गोंड शामिल रहे।







# सैदपुर में हुई रिवर रैंचिंग, जिपं अध्यक्ष ने गंगा में छोड़ी 65 हजार मछलियां मछुआरों को दिया निःशुल्क बीमा कार्ड

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सैदपुर।** नगर के रंगमहल स्थित गंगा घाट पर प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत मत्स्य विभाग के तत्वावधान में रिवर रैंचिंग के कार्यक्रम का आयोजन किया



गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने गंगा नदी में 65 हजार छोटी मछलियां छोड़ी। अध्यक्ष ने कहा कि गंगा नदी को प्रदूषणमुक्त करने व नदियों की पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने सरकार ने लाखों की संख्या में विभिन्न प्रजातियों की मछलियों को छोड़ने का निर्णय लिया है। मत्स्य विभाग वाराणसी के डिप्टी डायरेक्टर अनिल कुमार ने कहा कि ये मछलियां नदी में नाइट्रोजन की अधिकता बढ़ाने वाले कारकों को नष्ट करेंगी। जिससे गंगा अविरल और निर्मल बनने की तरफ बढ़ रही है। पूर्व सभासद रविकांत निषाद ने कहा कि गंगा की स्वच्छता और भूगर्भ जल के संरक्षण के लिए समग्र प्रयास किए जा रहे है, ये भी उसी का एक हिस्सा है। कहा कि ये मछलियां गंगा की गंदगी को तो समाप्त करती है, साथ ही जलीय जंतुओं के लिए भी हितकारी होती है। ग़ाज़ीपुर की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सपना पुरी ने बताया कि शासन के निर्देश पर सभी मछुआरों का निःशुल्क बीमा किया जा रहा है। बताया कि ग़ाज़ीपुर में 1313 मछुआरों का लक्ष्य था, जिसे हमने 1317 का बीमा करके प्राप्त कर लिया है। मछुआ दुर्घटना बीमा के तहत 5 मछुआरों को मुख्य अतिथि ने बीमा कार्ड दिया। वहीं 2 मछली किसानों को केसीसी कार्ड दिया। इसके अलावा पूर्व सभासद व प्रमुख मछुआरा रविकांत निषाद को प्रगतिशील मत्स्य पालक के सम्मान से सम्मानित किया और उनकी तारीफ की। इस मौके पर मत्स्य इंस्पेक्टर आनंद कुमार, आकाशदीप, डीएन सिंह, रघुवंश सिंह पप्पू, सभासद बृजेश जायसवाल, राजेश सोनकर, प्रतिनिधि सन्तोष सोनकर आदि रहे।

# हेलमेट लगाने पर ही स्टार्ट होगी बाइक निकालते ही जाएगी बंद- गोरखपुर के तीन छात्रों ने किया कमाल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**गोरखपुर।** गोरखपुर में बीटेक कर रहे तीन दोस्तों का नवाचार देखकर आप चौंक जाएंगे। आइटीएम गीडा के बीटेक द्वितीय वर्ष के इन तीनों छात्रों ने मिलकर ऐसा हेलमेट बनाया है, जिसे लगाने पर ही बाइक स्टार्ट होगी। वहीं हेलमेट सिर से हटाते ही



बाइक बंद हो जाएगी। इन छात्रों का कहना है कि आए दिन सड़क दुर्घटना में मौत की खबर सुनने को मिलती है। इसमें सबसे अधिक बिना हेलमेट चलने वाले लोग हादसे के शिकार होते हैं। बाइक चलाने वाला व्यक्ति सुरक्षित रहे इसे ध्यान में रखकर हमने स्मार्ट हेलमेट तैयार किया है। हेलमेट बनाने वाले छात्र प्रशांत कुमार शर्मा, उत्कर्ष दुबे व गौरव कुशवाहा पढ़ाई के दौरान ही अच्छे दोस्त भी बन गए। इनका कहना है कि आए दिन बिना हेलमेट चलने वाले व्यक्ति को चालान का सामना करना पड़ता है। जबकि बिना हेलमेट बाइक चलाने के दौरान सड़क दुर्घटना में जान तक चली जाती है। उन्होंने कहा कि एक बार जब बाइक से हेलमेट अटैच हो जाता है तो कोई भी इंसान चाह कर भी गलती या भूल नहीं कर पाता है। उसे किसी भी हाल में हेलमेट लगाना अनिवार्य होता है, क्योंकि बाइक तभी स्टार्ट होगी। स्मार्ट हेलमेट के रूप में नवाचार करने वाले छात्रों ने बताया कि उन्होंने एक स्मार्ट मेक इंडिया हेलमेट तैयार किया है। यह नवाचार हमने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मेक इन इंडिया से प्रेरित होकर किया है। छात्रों ने बताया कि स्मार्ट हेलमेट के दो पार्ट हैं, पहला एक ट्रांसमीटर सेंसर है। जो हेलमेट के अंदर लगा होता है। दूसरा सेंसर रिसीवर किट है जो हेलमेट के ट्रांसमीटर सेंसर से जुडा होता है। ये पूरा स्मार्ट हेलमेट रेडियो फ्रीक्वेंशी टेकनोलाजी के माध्यम से एक दूसरे से जुडा होता है।

# खेत में बदहवास और अर्धनग्न हालत में तिरपाल में लिपटी मिली युवती

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चंदौली।** सदर कोतवाली क्षेत्र के कोरडिया गांव में शनिवार की सुबह एक युवती खेत में बदहवास व अर्धनगन हालत में मिली। युवती



तिरपाल में लपेटी हुई थी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। फिलहाल युवती की पहचान नहीं हो पाई है। एएसपी और सीओ ने अस्पताल पहुंचकर युवती का हाल जाना। कोतवाली क्षेत्र के कोरडिया गांव में ग्रमीणों ने अर्धनगन और बदहवास अवस्था में एक युवती को खेत में पड़ा देखा। इसकी जानकारी होते ही काफी संख्या में ग्रामीण वहां इकठ्ठा हो गए। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। साथ ही गैंगरेप की आशंका जताई। इसकी जानकारी होते पुलिस महकमें में खलबली मच गई। आनन-फानन में कोतवाल संतोष सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंच गए। सीओ रामबीर सिंह भी घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने तत्काल युवती को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही आगे की कार्रवाई में जुट गई।

# उत्तर प्रदेश के सभी मेडकिल कालेजों में होगी नर्सिंग की पढ़ाई, सरकार ने तैयार की रूपरेखा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के सभी मेडकिल कालेजों में अब नर्सिंग की



पढ़ाई होगी। पांच साल के भीतर प्रदेश के सभी मेडिकल कालेजों नर्सिंग कालेज खोले जाएंगे। यह घोषणा उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने की। बस्ती में आयोजित एक कार्यक्रम में डिप्टी सीएम ने कहा कि अगले पांच साल में प्रदेश के सभी मेडिकल कालेज में नर्सिंग कालेज खोलने रूप रेखा तैयार हो चुकी है। अस्पताल के लिए जितना महत्वपूर्ण डाक्टर हैं, उतना ही नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ डाक्टरों की कमी दूर करने के लिए हरेक जिले में मेडिकल खोले जा रहे हैं। वर्ष 2016 तक जहां उत्तर प्रदेश में महज 13 मेडिकल कालेज थे। वहीं अब इनकी संख्या बढ़कर 35 हो गई है। इसके अलावा 30 निजी मेडिकल कालेज भी खुल चुके हैं। 14 जिलों को छोड़कर अन्य सभी जिलों में मेडिकल कालेज खोलने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। छह जिलों में पीपीपी माडल (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) पर मेडिकल कालेज खोले जाएंगे। इसके लिए सरकार 150 करोड़ की सब्सिडी देगी।उन्होंने कहा कि शहर से लेकर गांव तक के अस्पतालों में डाक्टरों और दवाओं की कमी का मुद्दा समाप्त हो गया है। इलाज के लिए पहुंचते हैं।

# मण्डलायुक्त व पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा शारदीय नवरात्र मेला-2022 को सकुशल सम्पन्न करायें जाने हेतु ड्यूटी में लगे अधिकारी/कर्मचारीगण की ब्रीफिंग कर दिया गया आवश्यक दिशा-निर्देश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मिर्जापुर।** जनपद में प्रसिद्ध मां विन्ध्यवासिनी , कालीखोह व अष्टभुजा धाम विन्ध्याचल क्षेत्र में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शारदीय नवरात्र का परम्परागत् मेला दिनांक-26.09.2022 से प्रारम्भ होकर दिनांक 04.10.2022 तक चलेगा । मां विन्ध्यावासिनी का दर्शन पूजन करने स्थानीय दर्शनार्थियों के साथ-साथ विभिन्न प्रदेशों एवं वाह्य जनपदों से भी श्रद्धालुजन अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए यहां आते है । उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष-2018 में नवरात्र मेले को राज्यस्तरीय मेला घोषित किया गया है । आज दिनांक 25.09.2022 को मण्डलायुक्त 'योगेश्वर राम मिश्र' , पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर 'आर0पी0 सिंह' , जिलाधिकारी मीरजापुर 'दिव्या मित्तल' व पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'संतोष कुमार मिश्रा' द्वारा शारदीय नवरात्र मेला-2022 को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपद व वाह्य जनपदों से आने वाले पुलिसकर्मियों एवं अन्य विभागों से ड्यूटी में लगे अधिकारी/कर्मचारीगण की लोहिया तालाब स्थित डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल में ब्रीफिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया ।सम्पूर्ण मेला व्यवस्था के नोडल अधिकारी 'श्रीकान्त प्रजापति', अपर पुलिस अधीक्षक नगर को , पुलिस मेला अधिकारी 'प्रभात कुमार राय' , क्षेत्राधिकारी नगर को तथा मेला प्रबंध के लिए गठित मेला प्रकोष्ठ का प्रभारी 'निरी0 विनीत राय' को बनाया गया है । सम्पूर्ण मेला क्षेत्र को 02 सुपर जोन, 10 जोन एवं 21 सेक्टर जोन में विभाजित किया गया है, प्रत्येक सुपर जोन, जोन व सेक्टर के प्रभारी अधिकारी क्रमशः अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक व निरीक्षक स्तर के पुलिस अधिकारी बनायें गए है । शारदीय नवरात्र मेला-2022 ड्यूटी में लगे अधिकारी एवं कर्मचारीगण को ब्रीफिंग के दौरान निर्देशित किया गया कि सभी दर्शनार्थियों को सुगमता तथा सुरक्षित ढंग से दर्शन-पूजन कराना सुनिश्चित करेंगें तथा गर्भ गृह में प्रवेश पूर्णतया बंद रहेगा, ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मी साफ-सुथरी वर्दी धारण करेंगें तथा अनुशासित रहेंगें । सेक्टर अधिकारी के आदेश के बिना ड्यूटी स्थल को न छोड़ें , समय से ड्यूटी स्थल पर पहुंचें तथा अपने प्रतिस्थानी के पहुँचने के बाद ही ड्यूटी स्थल छोड़ें । किसी व्यक्ति के खो जाने पर उसे खोया पाया केन्द्र व पुलिस सहायता केन्द्र तक पहुँचाकर सहयोग करें । दर्शनाथिर्यों के साथ अत्यन्त विनम्रता तथा आदर का व्यवहार करें । किसी भी व्यक्ति के बीमार/ बेहोश अथवा अस्वस्थ हो जाने पर चिकित्सकीय व्यवस्था उपलब्ध करायें जाने हेतु मेला कन्ट्रोल को तत्काल सूचित करें । ड्यूटीरत पुलिसकर्मी अपने साथ ड्यूटी कार्ड अवश्य् रखे तथा निष्ठा एवं कुशलता से ड्यूटी पर सतर्क रहें । अपनी ड्यूटी को जोनल/सेक्टर/ड्यूटी प्रभारी अधिकारी से अच्छी प्रकार समझ लें तथा इयूटी के दौरान उपस्थिति अवश्य दर्ज कराये जाने हेतु बताया गया तत्पश्चात ड्यूटी में लगे सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण को शारदीय नवरात्र मेला-2022 को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने की शपथ दिलाई गयी । मेला को सकुशल सम्पन्न करायें जाने हेतु तथा मेले में आने वाली बालिकाओं/ महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक, निरीक्षक, उप-निरीक्षक, पुरूष/ महिला मुख्य आरक्षी व आरक्षी, यातायात उ0नि0, फायर मैन, पीएसी(फ्लड कंपनी),एसडीआरएफ, गुण्डा दमन दल, एन्टी चैनसैन्चर स्क्वाड, फायर टेन्डर, क्रेन, एचएचएमडी/डीएफएमडी, सीसीटीवी व ड्रोन कैमरा तथा पर्याप्त संख्या में पुलिस व पीएसी बल का डिप्लायमेंट किया गया है । उक्त कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी नगर, नगर मजिस्ट्रेट सहित जनपदीय व वाह्य जनपदीय पुलिस व अन्य विभाग के अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहे ।



# म.प्र. के अंतिम छोर तक पहुंचा अपना दल एस का सदस्यता अभियान

## ओबरा विधानसभा के पश्चिमी जोन अंतर्गत सैकड़ों सक्रिय सदस्य बनाए गए

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**(ओबरा) सोनभद्र।** अपना दल एस के वृहद सदस्यता अभियान के अंतर्गत ग्राम बेलगड़ी में प्रदेश उपाध्यक्ष एवम पश्चिमी जोन के प्रभारी आनन्द पटेल दयालु की अध्यक्षता में सक्रिय सदस्यता अभियान चलाया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने सदस्यता लिया बतौर मुख्य अतिथि जिला सदस्यता प्रभारी श्री श्यामाचरण गिरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पार्टी को मजबूत करने के लिए ओबरा विधानसभा की पश्चिमी जोन के कार्यकर्ताओं पर मुझे गर्व है और हमारे नेता माननीय अनुप्रिया पटेल जी लगातार सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष कर रही हैं जिसका नतीजा है कि सैकड़ों की संख्या में पार्टी की विचारधारा से प्रेरित होकर आम आदमी सदस्यता ले रहा है। अध्यक्षता कर रहे जोन प्रभारी ओबरा विधानसभा पश्चिमी जोन आनन्द पटेल दयालु ने कहा कि डॉक्टर सोनेलाल पटेल जी चाहते थे कि प्रत्येक नागरिक को रोजगार ,शिक्षा और स्वास्थ्य की गारंटी मिल जाए उसके लिए लगातार वह संघर्ष कर रहे थे आज डॉक्टर सोनेलाल पटेल जी की छोटी बिटिया बहन अनुप्रिया पटेल जी संघर्ष कर रही है और सबसे ज्यादा सदस्य बनाने का काम ओबरा विधानसभा का पश्चिमी जोन करेगा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में ज़िला उपाध्यक्ष महेश अग्रहरी , जिला महासचिव धरतीपुत्र शिब्बू शेख रहे। कार्यकम की शुरुआत महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए किया गया।इस कार्यक्रम में बेलगड़ी ग्राम में सैकड़ों की संख्या में उपस्थित लोगो ने अपना दल एस की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्यामाचरण गिरी ने पार्टी की विचारधारा को आम लोगो को बताते हुए अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती अनुप्रिया पटेल के द्वारा कराए गए कार्यों की उपलब्धियां बताई। कार्यकम की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश उपाध्यक्ष एवम पश्चिमी जोन प्रभारी आनंद पटेल दयालु ने शीर्ष नेतृत्व द्वारा चलाए गए सदस्यता अभियान में लोगो को जोड़ने के लिए उनकी जमीनी समस्या पर काम करने के लिए मजबूत दावा पेश किया। उन्होंने कहा कि डा. सोनेलाल पटेल की विचारधाराओं को आगे ले जा रही उनकी बेटी अनुप्रिया पटेल हर मुद्दे पर सरकार से अपनी बात रखती है और पिछड़ों दलितों शोषितो वंचितो समाज के कमेरावादी लोगो के हक की लड़ाई लड़ रही है। समाज में बराबरी का हक दिलाने का पूरा प्रयास कर रही है। जिला उपाध्यक्ष महेश अग्रहरी ने अपने व्यकतव में कहा की उत्तर प्रदेश में आज अपना दल एस अपने संघर्षों के दम पर तीसरी राज्य स्तरीय पार्टी बन चुकी है। आने वाले समय में अपना दल एस के कमेरावादी विचारधारा से जोड़कर पार्टी को जमीनी मजबूती देने का प्रयास करते रहेंगे। जिला महासचिव धरतीपुत्र शिब्बू शेख ने लगातार पार्टी के कामों और प्रयासों की आम जनमानस में चर्चा की। और कहा की इस सदस्यता अभियान में सोनभद्र का पश्चिमी जोन सबसे ज्यादा लोगो को जोड़ेगा और अपना दल एस के परिवार को वृहद रूप देगा। संचालन और व्यवस्थापक विधानसभा अध्यक्ष प्रभुनाथ खरवार ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में जिला महासचिव युवा मंच दिनेश केशरी , विधानसभा उपाध्यक्ष राम लाल , जगदीश खरवार , बंशीलाल गुर्जर, मुनन्र पांडेय ,कमलेश जायसवाल , वंशधारी गौड़, कल्लू , खड़क सिंह गौड़, रामनारायण पनिका ,सुरेश गुर्जर रामकिशुन दरकार, रामदास, मंगरु लाल ,राम कलेश, रामपति जायसवाल आदि लोग के साथ सैकड़ों लोगों ने सदस्यता ग्रहण की।






# पगिया गांव में पानी टंकी अपने दुर्दशा पर आशु बहाती पानी टंकी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** स्थानीय विकास खण्ड के पगिया गांव में बनी पानी की टंकी अपने दुर्दशा पर आंशु बहाने को मजबूर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जल निगम से पगिया गांव के लिए 1962 में टंकी का निर्माण कार्य किया गया था।जहाँ के ऑपरेटर छन्नू गिरी थे।जो अब 2016 में रिटायर हो कर जल निगम की देखभाल कर रहे थे। श्री गिरी ने बताया कि पगिया ग्राम समूह पम्प जल का उद्घाटन धर्म दत्त बैद के द्वारा 1962 में किया गया था।पगिया वासियों में बहुत उत्साह था।छन्नू गिरी ने बताया कि पानी का कनेक्शन तो ग्रामीणों को दे दिया गया परंतु बिल वशूली में सिथलता बरती गई।आज यह जल निगम अपने दुर्दशा पर आंशु बहाने को मजबूर हो गया है। वर्तमान समय में टंकी के रख रखाव की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत को दे दी गई।इस सम्बंध में ग्राम प्रधान नागेंद्र मौर्य ने बताया कि जर्जर हालत में मोटर व भवन है।ग्राम पंचायत से कई बार मोटर बदला गया परंतु आये दिन जल जा रहा। ग्रामवासियों के द्वारा निर्धारित जल शुल्क लेने की कोशिश गई परंतु ढाक के तीन पात वाली कहावत चरितार्थ हुई। किसी के द्वारा निर्धारित शुल्क नहीं जमा किया जा रहा है।इस सम्बंध में खण्ड विकास अधिकारी से फोन के माध्यम से जानकारी प्राप्त करने की कोशिश की गई परंतु वीडियो ने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा।जबकि योगी सरकार का फरमान जारी है कि सम्बंधित अधिकारी कॉल उठायें।इस सम्बंध में एडीओ पंचायत बृजेश सिंह ने बताया कि जानकारी में पानी की समस्या के लिए ग्राम विकास अधिकारी स्मृता यादव को पानी समस्या के समाधान के लिए कहा गया है।जल्द समस्या पानी की दूर हो जायेगी।



# अल्ट्राटेक द्वारा पुराने बने तालाब का गहरी करण व सीढ़ीदार चबूतरे निर्माण महज खानापूर्ति

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**(डाला) सोनभद्र।** चोपन थाना अंतर्गत परासपानी में 1994 के समय का बना तालाब में सीढ़ीदार चबूतरा बना कर ग्राम वासियों कों गुमराह करने व स्वयं का तकमा लुटा गया । गहरीकरण के नाम पर स्थानीय भी हैरत में पड़ गए कि इससे बड़ा देखने को लॉलीपॉप कभी नही मिला । आपको बताते चलें कि विकासखंड चोपन अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटा के टोला परासपानी में अल्ट्राटेक प्रबंधन द्वारा 2 माह पूर्व 1994 से बना तालाब में एक कोने पर सीढ़ी दार चबूतरा बनाकर तैयार किया गया है जिसका उद्घाटन आज जिले के सीडीओ साहब की मौजूदगी में कराया गया विकास का रेंज कितना बड़ा था की वहां ग्रामीण भी पहुंच नहीं सके यह मान लीजिए कि ग्रामीणों को बोलेरो से ला ला करके छोड़ा गया ग्रामीण रोड से गुजरते तो थे लेकिन रुकने का कोई नाम नहीं लिया । जितने ग्रामीण वहां नहीं थे उस से 10 गुना से ज्यादा अल्ट्राटेक कंपनी के ही अपने लोग थे अल्ट्राटेक प्रबंधन के द्वारा की जा रही खानापूर्ति को स्थानी ग्रामीण भी भलीभांति समझ रहे थे पौधों का भी पौधरोपण किया गया जबकि देखा गया तो एक कोने में लगभग 15 से 20 पौधे रखे हुए थे और कुछ ऐसे गड्ढे थे जहां पौधे पहले से इनकी अल्ट्राटेक प्रबंधन के कैंपस के गमले में लगाये हुए थे वही पहुंचाए गए थे। वाह वाही लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ी अल्ट्राटेक कंपनी डाला , अल्ट्राटेक हेड राहुल सहगल ने बताया कि जिला प्रशासन अस्तर पर जिलाधिकारी व सीडीओ महोदय के निर्देशन पर कि गांव में जल संचय की व्यवस्था के लिए आप द्वारा कोई ना कोई कार्य किया जाए जिसको लेकर यहां 1994 से बने तालाब के कोने में खानापूर्ति कर छोड़ दिया गया और वाहवाही लूटते हुए नजर आए अल्ट्राटेक के कर्मचारी । ग्राम पंचायत के पूर्व में शिव प्रसाद गौड़ ने बताया कि हम लोगों को सड़क पर से बोलेरो में बैठा कर ले आया गया है ऐसी स्थिति में लगभग 4-4 लोगों को बोलेरो में बैठा कर लाए गए थे इसी तरह से रास्ते से गुजर रहे लोगों को जबरदस्ती पकड़कर उद्घाटन समारोह किया गया।



# मिर्जापुर

( आधुनिक समाचार सेवा )

मिर्जापुर। मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार की देर रात दो ट्रक की आने सामने भिड़ंत हो गई। इससे मिर्जापुर प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन बाधित हो गया। प्रयागराज की तरफ जा रहा ट्रक सामने से आ रहे ट्रक से भिड़ गया। मिर्जापुर की तरफ जा रहा ट्रक चालक धक्का मारने के बाद भाग निकला। वही प्रयागराज की तरफ जा रहा ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण बीच सड़क पर खड़ा हो गया। जिससे काफी लंबा जाम लग गया। मौके पर पहुचे पीआरवी और थाना विन्ध्याचल की पुलिस ने जाम में फंसे वाहनों को दूसरे तरफ से निकलवाना शुरू कराया। तब जाकर घंटे भर बाद सड़क पर आवागमन सामान्य हुआ।

( आधुनिक समाचार सेवा )

मिर्जापुर। नदियों को स्वच्छ रखने व मछुआ आबादी के जीविकोपार्जन के लिए मत्स्य अंगुलिकाओं का संचय कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत एक लाख मत्स्य अंगुलिका को नगर पालिका अध्यक्ष मनोज जायसवाल एवं मझवां विधायक प्रतिनिधि के नेतृत्व में गंगा नदी के नारघाट पर संचय कराया गया। सहायक निदेशक मत्स्य राजीव कुमार गुप्त ने बताया कि जनपद में योजना के अंतर्गत तालाब निर्माण, निवेश, बायोफ्लाक, आएएस, केज कल्चर एवं विपणन के लिए एवं जरूरतमंदों को मत्स्य उद्यम से जुड़ने के लिए इस योजना के इच्छुक लाभार्थी 30 सितम्बर तक आनलाइन आवेदन कर योजना का लाभ उठाएं।

( आधुनिक समाचार सेवा )

मिर्जापुर।पड़री क्षेत्र में डगमगपुर पसैया गांव निवासी 55 वर्षीय सोहन गौड़ किसान थे। शुक्रवार शाम सिंचाई के लिए कुएं में मोनो ब्लॉक का पाइप जोड़ रहे थे। अचानक पैर फिसलने से वह कुएं में गिर गए जिससे उनकी मौत हो गई। लोगों ने उनका शव कुएं से बाहर निकाल कर घटना की सूचना पुलिस को दी। इस संबंध में पड़री थानाध्यक्ष माधव सिंह ने बताया कि देर शाम कुएं में गिरने से अधेड़ की मौत हुई है। फिलहाल परिजनों का कोई आरोप नहीं है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भारतीय पत्रकार एसोसिएशन व्दारा आयोजित हिंदी दिवस पखवाडा व कवि गोष्ठी संपन्न

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**रेणुकूट।** समय था हिंदी दिवस पखवाड़ा का भारत में 14 सितंबर को हर साल हिंदी दिवस बडे ही धूम-धाम के साथ मनाया जाता है, वही रेणुकूट में शुक्रवार की शाम भारतीय पत्रकार एसोसिएशन के तत्वाधान में हिण्डालको के विश्राम गृह में हिंदी दिवस पर पखवाड़ा व कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिंदी भाषा का प्रचार प्रसार एवं इसे राजभाषा का मान्यता दिलाने के संबंध में बुध्दिजियियों के साथ परिचर्चा की गयी। कार्यक्रम में उपस्थिति हिंदी प्रेमियों ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए और हिंदी को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किए, तत्पश्चात एक कवि गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें विद्वान कवियों ने अपनी काव्य धारा प्रवाहित की, मुख्य अतिथि के रूप में जी.आई.सी विद्यालय के अशोक कुमार त्रिपाठी आवाक रहे, विशिष्ट अतिथि के रूप में लल्लन कुमार राय रहे। कार्यक्रम का संचालन लल्लन गुप्ता के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य रूप से अखिलेश कुमार मिश्रा व नईम गाजीपुरी के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि अशोक कुमार त्रिपाठी ने भी बताया कि हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिया गया है लेकिन हिंदी को अभी हमें और अधिक महत्व देने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि लल्लन राय ने दैनिक जीवन में हिंदी भाषा का इस्तेमाल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हमारे देश में कई भाषाएं बोली जाती है. लेकिन हिंदी सर्वाधिक बोलने वाली भाषा है। कार्यक्रम में आए तमाम लेखक, कवि और पत्रकारों ने भी हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला और अपनी-अपनी रचनाएं भी प्रस्तुत की। कार्यक्रम मे अनिल द्विवेदी, शेखजलालुदिन, जूही खान, अनिल थानापुरी व सहनुर हसन को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वरीष्ठ पत्रकार शेख जलालुद्दीन, जी.के, मदान, अमिताभ मिश्रा, सर्वेश राय, जी.के. मदान, रामायण राय, अजय कुमार राय, अवधेश शुक्ला, शाहरून हसन, शिव नरेश, अनिल द्विवेदी, किशन पांडेय, मस्तराम मिश्रा, रामकुमार गुप्ता, विक्की यादव, आनंद गुप्ता, तालिब अंसारी आदि बहुत से लोग मौजूद रहे।



# फॉर्म में आते ही बाबर ने तोड़ा कोहली का रिकॉर्ड, एशिया कप में बल्लेबाजी में कर रहे थे संघर्ष

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे मैच में जीत से कहीं ज्यादा जरूरी था पाकिस्तान के लिए बाबर आजम



का फॉर्म में आना और कराची स्टेडियम पर उन्होंने अपनी बल्लेबाजी का वो नजारा भी दिखा दिया जिसका इंतजार एशिया कप में था। पूरे एशिया कप में पाकिस्तान के फैंस इस बात का इंतजार करते रहे कि बाबर के बल्ले से रन निकले लेकिन ऐसा नहीं हुआ जिसका खामियाजा यह हुआ कि ट्राफी श्रीलंका ने जीत ली लेकिन टी20 वर्ल्ड कप से ठीक पहले बाबर आजम का फॉर्म में आना पाकिस्तान टीम के लिए बेहद अच्छी खबर है। बाबर आजम ने इस मैच में न केवल 66 गेंदों पर 110 रन रन की विस्फोटक पारी खेली बल्कि अपनी टीम को 10 विकेट से ऐतिहासिक जीत दिलाकर 7 मैचों की टी20 सीरीज में 1-1 की बराबरी करा दी। उन्होंने अपनी इस शतकीय पारी में 11 चौके और 5 छक्के लगाए और मोहम्मद रिजवान के साथ मिलकर 203 रन की नाबाद साझीदारी की। बाबर आजम ने इस पारी में विराट कोहली के दो रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा दिया। वह टी20 क्रिकेट में सबसे तेज 8,000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने इस मामले में भारत के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया। बाबर ने केवल 218 इनिंग्स में अपने 8,000 रन पूरे कर लिए जबकि कोहली को इसके लिए 243 इनिंग्स लगे थे। इतना ही नहीं बाबर ने इसी पारी के दौरान कोहली के एक और रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने जैसे ही अपनी फिफ्टी पूरी की उन्होंने विराट कोहली क 82 इनिंग्स मं 27 ऊ20घ् फिफ्टी का रिकॉर्ड तोड़ दिया। उन्होंने इसके लिए कोहली से 5 इनिंग्स कम लिए और केवल 77 इनिंग्स में यह मुकाम हासिल कर लिया। मैच की बात करें तो पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड की टीम ने 5 विकेट खोकर 199 रन बनाए थे लेकिन 200 के इस बड़े लक्ष्य को बाबर और रिजवान की जोड़ी ने बिना कोई विकेट गंवाए 3 गेंद पहले ही हासिल कर लिया।

## रहाणे ने इस वजह से यशस्वी जयसवाल को मैदान से बाहर निकाला, वेस्ट जोन ने जीता खिताब

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** दुलीप ट्राफी 2022 के फाइनल मैच के आखिरी दिन वेस्ट जोन के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने अपने टीम के साथी खिलाड़ी व ओपनर बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल को मैदान से बाहर जाने को कहा। इस मैच में यशस्वी जयसवाल ने दूसरी पारी में 323 गेंदों पर 265 रन की पारी खेली थी और वेस्ट जोन ने जीत के लिए साउथ जोन को 529 रन का टारगेट दिया था। इसके जवाब में हनुमा विहारी की कप्तानी वाली



साउथ जोन की टीम दूसरी पारी में 234 रन पर आलआउट हो गई और उसे 294 रन से हार मिली। वहीं इस जीत के साथ वेस्टजोन की टीम ने दुलीप ट्राफी 2022 का खिताब जीत लिया। इस मैच के आखिरी दिन रहाणे पहले यशस्वी से बात करते नजर आए उस दौरान अंपायर भी वहां पर आए और फिर रहाणे ने उन्हें मैदान छोड़कर बाहर जाने को कहा। दरअसल हुआ ये कि जब साउथ जोन के बल्लेबाज रवि तेजा बल्लेबाजी कर रहे थे तब यशस्वी उनके आसपास लगातार घूम रहे थे और लगातार कुछ-कुछ कह रहे थे। रवि ने इसकी शिकायत की और फिर अंपायर की तरफ से यशस्वी को पहले चेतावनी दी गई। इसके बाद भी उन्होंने खुद में सुधार नहीं किया और लगातार ऐसा ही करते रहे। इसके बाद अजिंक्य रहाणे उनसे पास आए और उन्हें मैदान से बाहर जाने के लिए कहा। हालांकि यशस्वी के बाहर जाने के बाद रहाणे ने किसी अन्य खिलाड़ी को उनकी जगह फील्डिंग करने के लिए नहीं बुलाया और 10 खिलाड.ियों के साथ मैच खेला। वेस्ट जोन की इस जीत में टीम के ओपनर बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल का बड़ा योगदान रहा साथ ही दूसरी पारी में सरफराज खान ने भी टीम के लिए नाबाद शतकीय पारी खेली थी। दूसरी पारी में वेस्ट जोन की तरफ से शम्स मुलानी ने चार विकेट लिए थे जबकि जयदेव उनादकट और अतीत सेठ को दो-दो विकेट मिले। यशस्वी जयसवाल को फाइनल में खेली उनकी बेहतरीन पारी के लिए प्लेयर आफ द मैच का खिताब दिया गया जबकि जयदेव उनादकट को प्लेयर आफ द सीरीज चुना गया।

## टी20 में बतौर कप्तान एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा छक्के रोहित शर्मा के नाम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने नागपुर में आस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली अपनी पारी ( 20 गेंद, 4 छक्के, 4 चौके, नाबाद 42 रन) के दम पर ना सिर्फ टीम को जीत दिलाकर



सीरीज में वापसी करवा दी बल्कि कई रिकाड्र्स अपने नाम कर लिए। रोहित ने जो पारी खेली उसमें उन्होंने 4 छक्के जड़े और इन छक्कों के दम पर वो टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने। यही नहीं उन्होंने अब एक कैलेंडर वर्ष में टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बनने का भी गौरव हासिल कर लिया। रोहित शर्मा ने नागपुर में अपनी तूफानी पारी के दौरान 4 जबरदस्त छक्के लगाए और इन छक्कों के दम पर वो एक कैलेंडर वर्ष में टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में कप्तान के तौर पर सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। रोहित शर्मा से पहले टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में कप्तान के तौर पर एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकार्ड आरोन फिंच के नाम पर दर्ज था। आरोन फिंच ने ये कमाल साल 2018 में किया था और उन्होंने उस साल टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में कप्तान के तौर पर कुल 25 छक्के लगाए थे। अब रोहित शर्मा ने उन्हें पीछे छोड़ दिया है और इस साल अब तक उन्होंने 26 छक्के लगाए हैं। कप्तान के टीम में टी20 क्रिकेट में एक साल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में तीसरे नंबर पर विराट कोहली हैं जिन्होंने साल 2019 में 23 छक्के लगाए थे जबकि साल 2022 में अब तक 21 छक्के लगाकर श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका चौथे नंबर पर हैं। वहीं क्विंटन डिकाक ने साल 2020 में कप्तान के तौर पर कुल 21 छक्के लगाए थे और वो पांचवें नंबर पर हैं।



# राशिफल



**मेष-:** खुशियों से भरा एक अच्छा दिन। आज आपके सामने आने वाले निवेश के नए अवसरों पर विचार करें।

**वृष-:** आज का दिन एक नया तोहफा लेकर आया है। आज आपके मन में कई सकारात्मक भावनाएँ आएंगी।

**मिथुन-:** आज आपको काम की गुणवत्ता बनाए रखनी होगी। अजनबियों पर ज्यादा भरोसा न करें। थकान और चिंता रहेगी।

**कर्क-:** एक सज्जन के दिव्य वचन आपको संतुष्टि और सांत्वना देंगे। क्रेडिट मांगने वाले लोगों को अनदेखा करें।

**सिंह-:** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। माता की कृपा से किए गए कार्यो में आपको सफलता मिल सकती है। समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कन्या-:** आज सुबह आपका मन क्रोधित रहेगा। व्यर्थ का धन व्यय होगा। अगर किसी को गुमराह किया जा रहा है, तो आप उस पर नजर रख सकते हैं, लेकिन आपको इसे गुप्त रूप से करन।

**तुला-:** अब इसका कोई भी उपयोग दिल पर अतिरिक्त दबाव डालेगा। आप में शीघ्र धन कमाने की प्रबल इच्छा होगी। ऐसा लगता है कि आप पारिवारिक मोर्चे पर बहुत खुश नहीं हैं

**वृश्चिक-:** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। ऑफिस के किसी जरूरी काम में सीनियर आपकी मदद कर सकते हैं, जिससे काम आसानी से पूरे हो जाएंगे।

**धनु-:** आज किसी व्यवसायी व्यक्ति को नया बिजनेस पार्टनर या ऑफर मिल सकता है। अविवाहितों को लंबे समय बाद मिलने का मौका मिल सकता है।

**मकर-:** आज आपका आत्मविश्वास और ऊर्जा का स्तर ऊंचा रहेगा। आप यात्रा करने और पैसे खर्च करने के मूड में रहेंगे - लेकिन अगर करते हैं ।

**कुंभ-:** आज का दिन आत्मविश्वास और उम्मीदों से भरा दिन है। आप जीवन में कुछ करने का निणय्र ले सकते हैं, कुछ नए अनुभव आपको प्राप्त होंगे।

**मीन-:** प्रेमी का साथ पाना आज सबसे बड़ी चुनौती होगी। आपका प्रेमी आपसे किसी बात को लेकर नाराज हो सकता है। किसी मित्र को परेशानी या परेशानी में देखकर आप भावुक हो जाएंगे।





## यशस्वी जयसवाल के दोहरे शतक के बाद सरफराज खान ने खेली शतकीय पारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** दुलीप ट्राफी 2022 के फाइनल मुकाबले में चौथे दिन वेस्ट जोन ने दूसरी पारी में 4 विकेट पर 585 रन बनाकर पारी की घोषणा कर दी और साउथ जोन को जीत के लिए 529 रन का बड़ा टारगेट दिया। वेस्ट जोन की तरफ से दूसरी पारी में यशस्वी जयसवाल ने जहां दोहरा शतक लगाया तो वहीं मध्यक्रम के बल्लेबपाज सरफराज खान ने भी अपना दम दिखाया और नाबाद शतकीय पारी खेल डाली। फाइनल मुकाबले में अजिंक्य रहाणे की कप्तानी वाली वेस्ट जोन ने 4 विकेट पर 585 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया और टीम को इस स्कोर तक पहुंचाने में ओपनर बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल के दोहरे शतक और फिर सरफराज खान की नाबाद शतकीय पारी का बड़ा योगदान रहा। जयसवाल ने 323 गेंदों का सामना करते हुए 4 छक्के और 30 चौकों की मदद से 265 रन बनाए। वहीं इसके बाद सरफराज खान ने 178 गेंदों पर 2 छक्के व 11 चौकों की मदद से नाबाद 127 रन की पारी खेली। वहीं हेत पटेल ने भी 61 गेंदों पर एक छक्का और 7 चौकों की मदद से नाबाद 51 रन बनाए और टीम को बड़े स्कोर तक ले गए। इससे पहले वेस्ट जोन की तरफ से दूसरी



पारी में प्रियंक पांचाल ने 40 रन, कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 15 रन जबकि श्रेयस अय्यर ने 71 रन की पारी खेली थी। आपको बता दें कि इस मैच में वेस्ट जोन ने पहली पारी में 270 रन बनाए थे और इसके जवाब में साउथ जोन ने पहली पारी में 327 रन बनाए और 57 रन की बढ़त हासिल की। इसके बाद दूसरी पारी में वेस्ट जोन ने 585 रन बनाकर साउथ जोन को जीत के लिए 529 रन का टारगेट दिया। इसके जवाब में चौथे दिन का खेल खत्म होने तक साउथ जोन ने 6 विकेट पर 154 रन बना लिए हैं और उसे जीत के लिए 327 रन और बनाने हैं।

## 39 साल की झूलन गोस्वामी ने 20 साल के इंटरनेशनल क्रिकेट करियर को कहा अलविदा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सबसे सीनियर तेज गेंदबाज 39 साल की झूलन गोस्वामी ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ लाड्र्स में अपना आखिरी वनडे मैच खेला। झूलन टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से पहले ही रिटायरमेंट ले चुकी थीं। और अब इंग्लैंड के खिलाफ ही अपना आखिरी वनडे मैच खेलकर उन्होंने अपने 20 साल के इंटरनेशनल क्रिकेट करियर से संन्यास ले लिया। वहीं भारत के लिए झूलन ने अपना पहला टेस्ट मैच 2002 में ही लखनऊ में ही इंग्लैंड के खिलाफ ही खेला था। झूलन गोस्वामी के टेस्ट करियर



ही रिटायरमेंट ले चुकी थीं। भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड को तीन मैचों की वनडे सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप करते हुए झूलन गोस्वामी को शानदार तरीके से विदाई दी। भारतीय महिला टीम ने हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में बेजोड़ प्रदर्शन किया और तीसरे वनडे में 16 रन से जीत हासिल करते हुए इस टीम का क्लीन स्वीप कर दिया। झूलन गोस्वामी का इंटरनेशनल क्रिकेट करियर बेहद शानदार रहा और वो कई युवा खिलाड.ियों के लिए प्रेरणा बनीं। भारत के लिए उन्होंने 6 जनवरी 2002 में इंग्लैंड के खिलाफ ही चेनई में अपना डेब्यू वनडे मैच खेला था की बात करें तो उन्होंने 12 टेस्ट मैचों में कुल 44 विकेट लिए थे और उनका बेस्ट प्रदर्शन एक इनिंग में 25 रन देकर 5 विकेट रहा था जबकि एक मैच में 78 रन देकर 10 विकेट रहा था। इसके अलावा टेस्ट में उन्होंने 251 रन भी बनाए। वहीं झूलन ने भारत के लिए 204 वनडे मैच खेले और इसमें उन्होंने 255 विकेट लिए। वनडे में उनका बेस्ट प्रदर्शन 31 रन देकर 6 विकेट था। वनडे में उन्होंने 1228 रन भी बनाए थे। वहीं टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट की बात करें तो उन्होंने 68 मैचों में 56 विकेट लिए और 11 रन देकर 5 विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा।

## कैमरन ग्रीन भारत के खिलाफ टी20 इतिहास में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज बने

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** हैदराबाद में भारत के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में आस्ट्रेलिया के ओपनर बल्लेबाज कैमरन ग्रीन का रौद्र रूप देखने को मिला। ग्रीन ने मैदान पर उतरते ही भारतीय गेंदबाजों की धुनाई शुरू कर दी और देखते ही देखते उन्होंने अर्धशतक लगा दिया। ग्रीन ने बेहद



दमदार पारी खेली और भारत के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक लगाने का रिकार्ड अपने नाम कर लिया। भारत के खिलाफ पहली पारी में मैदान पर आते ही ग्रीन ने खतरनाक तरीके से बल्लेबाजी की और सिर्फ 19 गेंदों पर ही अपना अर्धशतक पूरा कर दिया। उन्होंने इस मैच में 21 गेंदों पर 247.62 की स्ट्राइक रेट से 52 रन बनाए और अपनी इस पारी के दौरान 3 छक्के व 7 चौके लगाए। 19 गेंदों पर अर्धशतक लगाकर वो भारत के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट इतिहास में सबसे तेज हाफ सेंचुरी लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। ग्रीन ने आउट होने से पहले पहले विकेट के लिए इस मैच में कप्तान आरोन फिंच के साथ मिलकर 44 रन की साझेदारी की। उन्हें भारतीय तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने केएल राहुल के हाथों कैच आउट करवा दिया। में भारत के खिलाफ सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले टाप 5 बल्लेबाज-19 गेंद - 2022, कैमरून ग्रीन 20 गेंदें - 2016, जानसन चार्ल्स 21 गेंद - 2009, कुमार संगकारा 22 गेंदें - 2018, हेनरिक क्लासेन 22 गेंदें - 2018, कुसल परेरा इस मैच में पहले ग्रीन और फिर टिम डेविड की अर्धशतकीय पारी के दम पर आस्ट्रेलिया ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 186 रन बनाए। डेविड ने काफी अच्छी पारी खेली और 27 गेंदों पर 4 छक्के व 2 चौकों की मदद से 54 रन बनाए। वहीं डेनियल सम्स ने भी नाबाद 28 रन की पारी खेली जबकि कप्तान फिंच सिर्फ 7 रन ही बना पाए। वहीं मैक्सवेल ने 6 रन जबकि स्मिथ ने 9 रन की पारी खेली।

## जसप्रीत बुमराह ने अपने टी20 करियर का सबसे महंगा स्पैल फेंका, जमकर हुई पिटाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हैदराबाद में आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में बड़े बेबस से नजर आए। इस मैच में बुमराह की आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने जमकर पिटाई की और उन्होंने जमकर रन लुटाए। इस मैच में बुमराह को कोई विकेट नहीं मिला और उन्होंने अपने टी20 उन्होंने 47 रन दिए थे। बुमराह की इंजरी के बाद इस सीरीज के जरिए मैदान पर वापसी हुई थी और वो गेंदबाजी के लिए थोड़े से संघर्ष करते हुए नजर आए। वहीं आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे मैच में अन्य भारतीय गेंदबाजों की बात करें तो अक्षर पटेल ने 4 ओवर में 33 रन देकर 3 विकेट लिए जबकि हार्दिक ने 3 ओवर में 23 रन, चहल ने 4 ओवर में 22 रन एक



इंटरनेशनल क्रिकेट करियर का सबसे महंगा स्पैल भी इस मैच में फेंका। आस्ट्रेलिया के खिलाफ बुमराह ने इस मैच में 4 ओवर में 50 रन दिए और उनका इकानामी रेट इस दौरान 12.50 का रहा। ये उनके टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट करियर का सबसे मंहगा स्पैल रहा। बुमराह ने पहली बार टी20 क्रिकेट में किसी मैच में 50 रन लुटाए। इस मैच से पहले बुमराह का सबसे महंगा स्पैल साल 2016 में वेस्टइंडीज के खिलाफ था जब विकेट, हर्षल पटेल ने 2 ओवर में 18 रन एक विकेट लिया। भुवनेश्वर कुमार ने भी 3 ओवर में 39 रन देकर एक विकेट हासिल किया। इस मैच में आस्ट्रेलिया ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 186 रन बनाए। आस्ट्रेलिया की तरफ से कैमरन ग्रीन और टिम डेविड ने बेहतरीन पारी खेली और दोनों बल्लेबाजों ने अर्धशतक लगाया। इन दोनों बल्लेबाजों की बेहतरीन पारी के दम पर ही कंगारू टीम इस स्कोर तक पहुंचने में कामयाब हो पाई।

## कुलदीप यादव ने न्यूजीलैंड के खिलाफ ली हैट्रिक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इंडिया ए के स्पिनर कुलदीप यादव ने न्यूजीलैंड ए के खिलाफ दूसरे अनाधिकारिक वनडे मैच में बेहतरीन गेंदबाजी की और हैट्रिक समेत 4 विकेट चटकाए। कुलदीप यादव के चार विकेट और अन्य भारतीय गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन के दम पर न्यूजीलैंड की टीम 47 ओवर में 219 रन पर



आल आउट हो गई। इस मैच में न्यूजीलैंड टीम के कप्तान राबर्ट ओडोनेल ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन भारतीय गेंदबाजों के सामने कीवी टीम ज्यादा बड़ा स्कोर खड़ा नहीं कर सकी। कीवी टीम को पहली पारी में 219 रन तक रोकने में कुलदीप यादव की बेहतरीन गेंदबाजी का बड़ा योगदान रहा जिसमें एक हैट्रिक भी शामिल रहा।

## कोहली के लिए काल है जंपा का लेग स्पिन 8वीं बार आउट कर बनाया था यह रिकार्ड

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली को आउट करना दुनिया के ज्यादातर गेंदबाजों के लिए सबसे मुश्किल काम हो सकता है, लेकिन आस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर एडम जंपा को भारतीय दिग्गज है। करना दुनिया के ज्यादातर गेंदबाजों के लिए सबसे मुश्किल काम हो सकता है, लेकिन आस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर एडम जंपा को भारतीय दिग्गज कोहली के खिलाफ सफलता मिल रही है। शुक्रवार को नागपुर में दूसरे टी 20 बार अपना शिकार बनाया। हालांकि कोहली के आउट होने के बाद भारत के रन रेट पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा और रोहित शर्मा व दिनेश कार्तिक ने मैच जीत लिया। दिनेश कार्तिक ने इस मैच में चौका लगाते हुए टीम को जीत दिलाई। दिनेश



कोहली के खिलाफ सफलता मिल रही है। शुक्रवार को नागपुर में दूसरे टी 20 मैच में विराट कोहली को जंपा ने सिर्फ 11 रन के स्कोर पर बोल्ड कर दिया था। जंपा के क्रिकेट करियर में ये 8वां मौका था जब उन्होंने विराट कोहली को आउट किया। उन्होंने कोहली को 8 बार में से 5 बार कैच आउट जबकि दो बार बोल्ड आउट किया मैच में विराट कोहली को जंपा ने सिर्फ 11 रन के स्कोर पर बोल्ड कर दिया था। जंपा के क्रिकेट करियर में ये 8वां मौका था जब उन्होंने विराट कोहली को आउट किया। उन्होंने कोहली को 8 बार में से 5 बार कैच आउट जबकि दो बार बोल्ड आउट किया है। टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट की बात करें तो जंपा ने विराट कोहली को तीसरी कार्तिक ने इस मैच में दो गेंदों पर एक चौका व एक छक्के की मदद से नाबाद 10 रन की पारी खेली और भारत ने 6 विकेट से मैच जीतकर तीन मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली। वहीं जंपा ने 2 ओवर में 16 रन देकर 3 विकेट लिए और कोहली समेत केएल राहुल और सूर्यकुमार यादव को आउट किया।

## सम्पादकीय

### सरसंघचालक मोहन भागवत की मुस्लिम बुद्धिजीवियों के साथ संवाद की पहल बनेगी सामाजिव समरसता में सहायक

हिंदू-मुस्लिम सहअस्तित्व की समस्या बड़ी पुरानी और विकट है। इतनी कि गांधी जी तक इसके आगे हार गए। सांप्रदायिक दुराग्रह के कारण ही भारत विभाजन हुआ। विभाजन की त्रासदी के घाव पुराने होकर भी ताजे हैं। अब दुष्प्रचार हो रहा है कि मुसलमान भयाक्रांत हैं। इस बीच गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भगवत और भारतीय इमाम परिषद के अध्यक्ष डा. इमाम उमर अहमद इलियासी के बीच मुलाकात हुई। इलियासी इस भेंट से संतुष्ट और प्रसनन्‍ रहे। संघ प्रमुख एक मदरसे में भी गए। उनका स्वागत वंदे मातरम् से हुआ। भागवत दिल्ली के पूर्व उपराज्यपाल नजीब जंग, पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाइ कुरैशी, एएमयू के पूर्व कुलपति जमीरुद्दीन शाह के अलावा शाहिद सिद्दीकी, सईद शेरवानी आदि महानुभावों से मिले हैं। तथ्य यही है कि हिंदुओं और मुस्लिमों के पूर्वज एक है। इतिहास एक, संस्कृति एक और राष्ट्र एक है। केवल मजहबी विश्वास भिनन्‍ है। संविधान ने भी किसी संप्रदाय को पृथक घटक नहीं माना। उद्देशिका में 'हम भारत के लोग' लिखा है, तो भारत के लोगों से भारत का भय काल्पनिक है। इसीलिए परस्पर संवाद की भूमिका है। राष्ट्रीय समृद्धि के लिए संवाद आवश्यक है। संवाद सभी वाद-विवाद का समाधान है। सतत संवाद से समाज की गतिशीलता बढ़ती है। भारत में संवाद की प्राचीन परंपरा रही है। ऋग्वेद में यम-यमी संवाद सहित तमाम संवादों के उल्लेख हैं। महाभारत में यक्ष-युधिष्ठिर संवाद है। उपनिषद आचार्य-शिष्य संवादों से भरे हैं। कौटिल्य ने अर्थशास्त्र के आरंभ में 'आनवीक्षिकी, त्रयी, वार्ता और दंडनीति चार विद्याएं बताई हैं। आनवीक्षिकी, सांख्य, योग और लोकायत दर्शन है। त्रयी वेद है। वार्ता लोकहितकारी है। वार्ता धान्य, पशु, स्वर्ण और ताम्र आदि खनिज पदार्थ देने वाली है।' प्राचीन काल में संवाद की अनेक संस्थाएं थीं। वैदिक साहित्य में सभा और समिति के विवरण हैं। विद्वानों की गोष्ठियां संवाद का प्रमुख अवसर होती थीं। शास्त्रार्थ वस्तुतः संवाद थे। बौद्ध विद्वानों से शंकराचार्य के संवाद चर्चित हैं। यहां धर्म चर्चा का खुला परिवेश था। आस्था के प्रशनें पर भी बहस थी। संवाद के उद्देश्य सुस्पष्ट थे। पहला उद्देश्य सत्य का अनुसंधान और दूसरा उद्देश्य लोक मंगल था। संवाद का व्यवस्थित न्यायशास्त्र था। चरक संहिता में संवाद अनुशासन के सूत्र हैं। कहा गया है कि वक्ता जो बात सिद्ध करना चाहता है, उसे प्रतिज्ञा कहते हैं। वह प्रतिज्ञा को दृष्टांत आदि से सिद्ध करता है। इसे स्थापना कहा गया है। इसके विरोध में विपक्षी की प्रतिज्ञा प्रतिस्थापना है। संवाद के अंतिम निणर्‍य को सिद्धांत कहा गया है। स्थापना, प्रतिस्थापना और सिद्धांत ये तीन पारिभाषिक शब्द हैं। जर्मन दार्शनिक हीगल ने द्वंद्ववाद के लिए थीसिस, एंटीथीसिस और सिंथेसिस शब्द प्रयोग किए हैं। इन्हें वाद, विवाद और संवाद कह सकते हैं। ज्ञान प्राप्ति के उपकरण चार 'हेतु' माने गए हैं। ये प्रत्यक्ष, अनुमान, ऋषिवचन और उपमान हैं। यहां सत्य की परिभाषा है कि यथार्थ ही सत्य है। सत्य सामूहिक होता है और झूठ व्यक्तिगत। प्रत्यक्ष ज्ञान दो तरह का होता है। सुख-दुख आदि का ज्ञान मन से तो शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गंध का ज्ञान इंद्रियों से होता है। संवाद के ये सूत्र उपयोगी हैं। अल्पसंख्यकवाद सांप्रदायिक राजनीति का तुष्टीकरण है। अंतरराष्ट्रीय अर्थ में भारत में कोई अल्पसंख्यक नहीं है। युद्ध आदि कारणों से किसी राज्य क्षेत्र के निवासियों की सहमति के बिना राज्य क्षेत्र में परिवर्तन होते हैं। ऐसे समुदायों की अस्मिता की रक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय चार्टर और राष्ट्रीय संविधानों में रक्षोपाय किए गए, लेकिन मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा में अल्पसंख्यकों पर कोई उपबंध नहीं है। भारत में युद्ध आदि कारणों से विवश जनसमूह नहीं हैं। तब भी संविधान निर्माताओं ने अल्पसंख्यकों के लिए विशेष रक्षोपाय किए, मगर मजहबी अल्पसंख्यकवाद की राजनीति ने अलगाववाद बढ़ाया। संविधान सभा ने अल्पसंख्यकों की सुविधा के लिए अल्पसंख्यक अधिकार समिति बनाई थी। सरदार पटेल इसके सभापति थे। समिति की रिपोर्ट पर अगस्त 1947 और 1949 में बहस हुई। पीसी देशमुख ने कहा, 'इतिहास में अल्पसंख्यक से क्रूरतापूर्ण शब्द कोई नहीं है। अल्पसंख्यकवाद के कारण देश बंट गया।' आयंगर ने कहा, 'मैं अल्पसंख्यक शब्द ही नहीं पसंद करता।' संविधान सभा के उपाध्यक्ष एचसी मुखर्जी ने कहा कि हम एक राष्ट्र चाहते हैं और मजहब के आधार पर अल्पसंख्यक मान्यता नहीं दे सकते।

## हास्य व्यंग्यः साहित्य में विषय से भटकने की सीख

उन दिनों साहित्य में हमारा पदार्पण हुए ज्यादा वक्त नहीं गुजरा था, इसलिए साहित्य की दुनिया से हम लगभग अनभिज्ञ थे। एक दिन हमने फेसबुक पर एक साहित्यिक परिचर्चा की सूचना पढ़ी। विषय बहुत ही अलग था, इसलिए उस कार्यक्रम में जाने की इच्छा इतनी बलवती हुई कि हम ठीक समय से कुछ पहले ही जा पहुंचे। कार्यक्रम शाम चार से छह बजे तक था।



वक्ता के तौर पर आने वाले लोगों की सूची में बड़े-बड़े साहित्यकारों के नाम थे, जिनको हम पत्रिकाओं और समाचार पत्रों के माध्यम से ही जानते थे। हमें लगा कि सही समय पर दिन के उजाले में कार्यक्रम में भागीदारी हो जाएगी और साहित्य के बारे में कुछ नया सीखने को भी मौका मिलेगा। हम कार्यक्रम में समय से पूर्व पहुंच गए थे इसलिए आगे की सीट मिल गई। कार्यक्रम शुरू होने के एक घंटे बाद तक यानी पांच बजे तक तो लोग चाय-नाश्ता ही करते रहे। चार बजे शुरू होने वाला कार्यक्रम आखिरकार साढ़े पांच पर शुरू हुआ। फिर एक-एक करके सभी साहित्यकारों को उनके लंबे परिचय के साथ मंच पर बैठा दिया गया। संचालक जी तो बस बोलते जा रहे थे। दुनिया भर की बातें करने के बाद सहसा उनको दीप प्रज्वलन की याद आई। उसके बाद मंच पर विराजमान गणमान्य अतिथियों का स्वागत शुरू हो गया और इस सब चीजों में आधा-पौना घंटा और निकल गया। अब हमारी बेचैनी बढ़ रही थी। हमने पतिदेव को मैसेज कर दिया कि 'कार्यक्रम लेट शुरू हुआ है, सो घर पहुंचने में लेट होंगे।'हम कार्यक्रम छोड़कर जाना नहीं चाहते थे, क्योंकि बड़े साहित्यकारों को सुनना चाहते थे जिसमें 'व्यंग्य के सौंदर्यशास्त्र' पर बात होनी थी। अंततः चर्चा शुरू हुई। एक वक्ता माइक पर आए, फिर दूसरे, तीसरे वक्ता आए, पर बड़ी अजीब बात यह थी कि मुख्य विषय पर तीनों में से किसी ने कुछ भी नहीं कहा। ऐसा लगा मानो उनकी गाड़ी पटरी से उतर खेतों में भ्रमण को निकल गई थी। अब हम और परेशान होने लगे, यह सोचकर कि 'सामने जो विषय लिख रखा है उस पर तो कोई बात ही नहीं कर रहा।' दस मिनट बोलने के लिए कहा जाता है, लेकिन आधा घंटा बोलते हैं, फिर भी तय विषय पर नहीं बोलते हैं। हमारी बेचैनी बढ़ती जा रही थी और उम्मीद थी कि टूट नहीं रही थी। हम सोच रहे थे आज तो 'व्यंग्य का सौंदर्यशास्त्र' समझकर ही जाएंगे। शेष बचे दो वक्ता भी आए, परंतु मेरी जिज्ञासा पूरी न कर सके। तब तक घड़ी ने रात के नौ बजा दिए। हम सब वक्ताओं की बातों में व्यंग्य के सौंदर्य और शास्त्र दोनों को खोज रहे थे।

# मुख्यमंत्री धामी ने अंकिता को दी श्रद्धांजलि

## पिछले पांच साल में रक्षा निर्यात में हुई 334 प्रतिशत की वृद्धि







रविवार को देश और दुनिया में कई ऐसी घटनाएं घटी जिसने सुर्खियां बटोरी। आइए आज दिन-भर 10 बड़ी खबरों पर एक नजर डालते हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यमकेश्वर की बेटी अंकिता भंडारी को श्रद्धांजलि दी है। रविवार को खटीमा पहुंचने पर उन्होंने मन की बात कार्यक्रम सुनने के पश्चात अंकिता भंडारी को श्रद्धांजलि दी। वहीं दूसरी तरफ केंद्र सरकार ने रविवार को कहा कि पिछले पांच साल में देश के रक्षा निर्यात में 334 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और सहभागिता के प्रयासों की वजह से भारत अब 75 से ज्यादा देशों को निर्यात कर रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यमकेश्वर की बेटी अंकिता भंडारी को श्रद्धांजलि दी है। रविवार को खटीमा पहुंचने पर उन्होंने मन की बात कार्यक्रम सुनने के पश्चात अंकिता भंडारी को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान दो मिनट का मौन भी रखा। साथ ही कहा कि मामले में दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है।केंद्र सरकार ने रविवार को कहा कि पिछले पांच साल में देश के रक्षा निर्यात में 334 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और सहभागिता के प्रयासों की वजह से भारत अब 75 से ज्यादा देशों को निर्यात कर रहा है। पीआइबी ने एक ट्वीट में यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि दूसरे सबसे बड़े सशस्त्र बल वाला भारतीय रक्षा क्षेत्र क्रांति के मुहाने पर है।आतंकी फंडिंग को लेकर राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के साथ मिलकर कई राज्यों में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान पीएफआई के 106 सदस्यों को गिरफ्तार भी किया गया था। अब पीएफआई को लेकर बड़े खुलासे हो रहे हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 सितंबर को अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में गुजरात के सूरत की रहने वाली अन्वी के बारे में बताया। डाउन सिंड्रोम से पीडि़त अन्वी की जिंदगी योग ने पूरी तरह से बदल दी। वह इसी महीने ही पीएम मोदी से दिल्ली में मिली थीं। अन्वी को लोग रबर गर्ल के नाम से भी जानते हैं। पीएम मोदी ने अन्वी से हुई मुलाकात को याद करते हुए कहा कि वो डाउन सिंड्रोम से पीडि़त हैं। वो हार्ट की बीमारी से भी जूझ रही हैं। तीन महीने के दौरान उन्हें ओपन हार्ट की सर्जरी से गुजरना पड़ा था।पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रूस से गेहूं खरीदने की इच्छा जताई है। शहबाज शरीफ ने कहा है कि पाकिस्तान रूस से गेहूं खरीद सकता है। उन्होंने कहा कि देश में अभूतपूर्व बाढ़ से बड़े पैमाने पर कृषि भूमि को नुकसान पहुंचा है, जिस कारण से पाकिस्तान रूस से गेहूं खरीदने पर आगे बढ़ सकता है। बता दें कि पाकिस्तान में विनाशकारी बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान का एक बड़ा हिस्सा बाढ़ से प्रभावित हुआ था। साथ ही बाढ़ से सैकड़ों की संख्या में लोगों की मौत भी हुई हैं।कांग्रेस अध्यक्ष का नामांकन दाखिल करने से पहले राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का उत्तराधिकारी चुनने का अधिकार कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को सौंपे जाने को लेकर उनके समर्थक विधायकों ने विद्रोह कर दिया है। गहलोत समर्थकों ने रविवार को साफ कर दिया कि विधायकों की राय के बिना सीएम का फैसला नहीं होना चाहिए। इस मुद्दे को लेकर गहलोत समर्थक 92 विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी को इस्तीफे दिए हैं।चीन के राष्ट्रपति शी चिनफि़ंग का तख्तापलट होने और उन्हें आवास में नजरबंद किए जाने की चर्चा है। इंटरनेट मीडिया और विश्व भर में चल रही इस चर्चा की चीन न पुष्टि कर रहा और न ही इसका खंडन कर रहा। हर छोटे-बड़े मसले पर प्रतिक्रिया जताने वाला चीन का विदेश मंत्रालय भी शनिवार से चल रही इस चर्चा पर चुप है। उज्बेकिस्तान में हुई शंघाई सहयोग संगठन की समिट में भाग लेकर 16 सितंबर को बीजग लौटे चिनफि़ंग उसके बाद देखे नहीं गए।बांग्लादेश से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। देश में एक नदी में रविवार को नाव के पलट जाने से एक बड़ी घटना घट गई है। इस हादसे में कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई दर्जन से अधिक लोग लापता हो गए है। इस घटना की जानकारी रविवार को पुलिस ने दी।आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टी20 मैच से ठीक पहले भारतीय क्रिकेट टीम के आलराउंडर दीपक हुड्डा इंजर्ड हो गए और इसकी वजह से वो इस मैच में चयन के लिए उपलब्ध नहीं हो सके। इस बात की घोषणा बीसीसीआइ ने खुद ट्वीट कर की। बीसीसीआइ ने ट्वीट करते हुए लिखा कि दीपक हुड्डा पीठ में इंजरी की वजह से आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टी20 मैच के लिए उपलब्ध नहीं हैं। कॉमेडियन और एक्टर राजू श्रीवास्तव का 21 सितंबर को दिल्ली के एम्स अस्पताल में निधन हुआ था। करीब 42 दिनों की लड़ाई के बाद उन्होंने अंतिम सांस ली। 22 सितंबर को उनका अंतिम संस्कार नई दिल्ली के निगमबोध घाट पर किया गया। वहीं आज 25 सितंबर को राजू श्रीवास्तव के लिए प्रार्थना सभा का आयोजन किया, जिसमें टीवी और फिल्म इंडस्ट्री के कई सितारे शामिल हुए।

## वक्फ संपत्तियों के सर्वे की उचित पहल, वास्तविक आकलन से हिंदू और मुसलमानों के बीच कई गलतफहमियां होंगी दूर

उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार ने मदरसों के बाद अब वक्फ बोर्ड की संपत्तियों का भी सर्वे कराने का निणर्‍य लिया है। मुस्लिम समाज के भीतर वक्फ बोर्ड




की संपत्तियों के सर्वे के विरोध का स्वर मदरसों के सर्वे के विरोध से ज्यादा सघन और तीखा है। आखिर किसी सर्वे को लेकर आपत्ति क्यों होनी चाहिए? जमीन किसी व्यक्ति या संस्था की ही क्यों न हो उसकी वास्तविक स्थिति की जानकारी सरकार को होनी चाहिए। वक्फ अगर भारतीय रेलवे एवं सशस्त्र बलों के बाद भू स्वामित्व वाला तीसरा सबसे बड़ा संगठन है तो स्वाभाविक है इसमें भारी संख्या में लोगों के स्वार्थ भी जुड़े होंगे। तर्क यह है कि वक्फ की संपत्ति केवल मजहबी या मजहब के उद्देश्यों के लिए ही उपयोग में लाई जा सकती है। यानी यह इतनी पवित्र है कि इसे स्पर्श तक नहीं किया जा सकता। क्या इस तर्क को स्वीकार कर लिया जाए इसका उत्तर देने के पहले उत्तर प्रदेश के ही कुछ मामलों पर ध्यान देना चाहिए। ताजमहल पर 2005 में वक्फ बोर्ड ने दावा कर दिया। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग यानी एएसआइ को इसके विरोध में न्यायालय जाना पड़ा और उच्चतम न्यायालय ने इस पर स्थगन आदेश दिया हुआ है। वाराणसी ज्ञानवापी मामले की सुनवाई में मुस्लिम पक्ष का यही दावा है कि यह सुनने वक्फ बोर्ड की संपत्ति है। ताजमहल का निर्माण किसने किया, इसी पर विवाद है। अगर शाहजहां ने ही उसे बनवाया तो उसने वक्फ कब बनाया? ज्ञानवापी मामले में भी न्यायालय में हिंदू पक्ष ने तर्क दिया कि औरंगजेब ने कभी वक्फ नहीं बनाया। उत्तर प्रदेश में ऐसे अनेक स्थल हैं जिन पर वक्फ दावा करता है और विवाद चल रहा है। ऐसे में सर्वे करके पूरी सच्चाई सामने आना आवश्यक है, ताकि उसके अनुसार भविष्य में सरकार निर्णय ले या मामलों को एक साथ सुलझाया जाए। अब आएं इस मामले से जुड़े दूसरे पहलू पर। वक्फ अधिनियम भारत की संसद द्वारा पारित है। भारत सरकार द्वारा ही 1954 के वक्फ अधिनियम के तहत 1964 में सेंट्रल वक्फ काउंसिल आफ इंडिया की स्थापना की गई थी। वक्फ बोर्ड का गठन सरकारी आदेश से ही हुआ। देश में 30 वक्फ बोर्ड हैं। वक्फ बोर्ड में कम से कम पांच सदस्य होने चाहिए। सदस्यों को राज्य सरकारें नामांकित करती हैं। फिर यह इतना पवित्र कैसे हो गया कि इसका सर्वे उसे नापाक कर देगा वक्फ की अवधारणा को लेकर ही बड़ा प्रशन्‍ चिह्न लगा हुआ है, क्योंकि अनेक इस्लामी देशों मसलन तुकिर्‍ये जो पहले तुर्की था उसके अलावा लीबिया, मिस्र, सूडान, लेबनान, सीरिया, जार्डन, ट्यूनीशिया और इराक आदि में वक्फ नहीं है। सच कहा जाए तो मुस्लिम वोट बैंक के सोच के तहत हमारे नेताओं ने वक्फ के रूप में मजहबी जमींदार की अवधारणा का साकार रूप उपस्थित कर दिया। एक पंथनिरपेक्ष देश में मजहबी बोर्ड को इतनी बड़ी हैसियत कैसे मिल सकती है पीवी नरसिंह राव सरकार ने 1995 में वक्फ को कानूनन इतना मजबूत बना दिया कि उसे निणर्‍य लेने तक का अधिकार हो गया। वक्फ कानून की धारा-40 वक्फ बोर्ड को किसी भी संपत्ति के वक्फ संपत्ति होने या नहीं होने की जांच करने का विशेष अधिकार देती है। अगर वक्फ बोर्ड को यह विश्वास होता है कि किसी ट्रस्ट या सोसायटी की संपत्ति वक्फ संपत्ति है तो बोर्ड उस ट्रस्ट एवं सोसायटी को कारण बताओ नोटिस जारी कर सकता है कि 'क्यों न इस संपत्ति को वक्फ संपत्ति की तरह दर्ज कर लिया जाए जवाब से संतुष्ट न होने को आधार बनाकर वह बड़ी सुविधानुसार और सहजता से उसे अपनी संपत्ति घोषित कर सकता है। ऐसा ही हो रहा है। वक्फ की संपत्ति किस ढंग से बढ़ रही है यह इसी से पता चलता है कि 2009 में संसदीय समिति ने आकलन किया था उसके पास छह लाख एकड़ जमीन है। इस समय यह आठ लाख एकड़ से ज्यादा हो चुकी है। वक्फ की जमीनें कैसे बढ़ती हैं इसका सबसे ज्वलंत उदाहरण तमिलनाडु है। तमिलनाडु वक्फ बोर्ड द्वारा तमिलनाडु में त्रिची के नजदीक स्थित तिरुचेंथुरई गांव को वक्फ संपत्ति बनाया जा चुका है। गांव में मानेदियावल्ली समीथा चंद्रशेखर स्वामी मंदिर है। दस्तावेजों और सुबूतों के मुताबिक यह मंदिर 1,500 साल पुराना है। मंदिर भी वक्फ बोर्ड की संपत्ति हो गई। अनेक मुस्लिम प्रवक्ता बोलते हैं कि संसद तक वक्फ की जमीन पर बनी हुई है। ऐसा लगता है कि वक्फ की अवधारणा में संपूर्ण भारत ही उनकी संपत्ति होगी। इस नाते पूरे देश में वक्फ की संपत्तियों का समग्र सर्वे आवश्यक हो गया है। इसका एक पहलू भ्रष्टाचार भी है। ऐसा कोई प्रमुख राज्य नहीं जहां वक्फ संपत्तियों में भ्रष्टाचार के मामले नहीं चल रहे हों। मुसलमानों के बड़े राजनीतिक और मजहबी लोगों ने अपने प्रभुत्व का इस्तेमाल कर वक्फ संपत्ति को अपना बनाया है, उनका वाणिज्यिक और निजी उपयोग किया है। साफ है कि सर्वे के साथ इन सबकी असलियत पूरे समाज के सामने आ जाएगी। इस मायने में योगी आदित्यनाथ के साहस की प्रशंसा करनी होगी कि उन्होंने मजहब के नाम पर पर साधनसंपनन्‍ एवं समृद्ध मुसलमानों की लूट और भ्रष्टाचार के अंत के साथ बड़े सामाजिक सुधार आंदोलन की ओर कदम बढ़ा दिया है। वक्फ की संपत्तियों के वास्तविक आकलन से हिंदू और मुसलमानों के बीच अनेक गलतफहमियां दूर होंगी। इससे सामाजिक सामंजस?य का आधार कायम होगा। वैसे भी वक्फ न्याय और कानून के किसी भी सिद्धांत की कसौटी पर खरा नहीं उतरता।

## अफगानिस्तान और पाकिस्तान में सक्रिय ड्रग्स तस्करों ने देश में बनाया मजबूत नेटवर्क

पिछले लगभग एक वर्ष में नारकोटिक्स विभाग और विभिनन्‍ राज्यों की पुलिस ने बड़ी मात्रा में हेरोइन, कोकीन और अन्य नशीले पदार्थों की खेप पकड़ी है। इससे यही पता चलता है कि भारत ड्रग्स तस्करों के निशाने पर है। देश में ज्यादातर ड्रग्स अफगानिस्तान के पड़ोसी देशों के जरिये लाई जा रही है। ड्रग्स तस्कर किस तरह बंदरगाहों के माध्यम से मादक पदार्थ लाने का दुस्साहस कर रहे, यह तब उजागर हुआ था, जब



गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पर बड़ी मात्रा में ड्रग्स बरामद की गई थी। पिछले दिनों मुंबई बंदरगाह पर करीब 350 किलो हेरोइन बरामद की गई। दिल्ली पुलिस ने यह हेरोइन एक कंटेनर से बरामद की। इसे देश के विभिनन्‍ हिस्सों में भेजने की तैयारी थी। बंदरगाहों के अलावा पंजाब में ड्रोन के जरिये ड्रग्स आ रही है। पूवीत्तर के सीमांत इलाकों से भी उसकी आमद हो रही है। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि जितनी ड्रग्स पकड़ी जा रही है, वह ऊंट के मुंह में जीरा ही है। पंजाब में पाकिस्तान से ड्रग्स तस्करी के कारण वहां के तमाम युवा नशीले पदार्थों के लती होकर अपनी जिंदगी तबाह कर चुके हैं। ड्रग्स के चलन का असर राजस्थान और हरियाणा के साथ अन्य राज्यों में भी दिखने लगा है। ड्रग्स का अवैध कारोबार तबसे और बढ़ा है, जबसे तालिबान अफगानिस्तान पर काबिज हुआ। इस समय अफगानिस्तान अफीम का सबसे बड़ा उत्पादक है। इसी अफीम से कई तरह के ड्रग्स बनते हैं। इन्हें बनाने का काम पाकिस्तान में भी होता है।अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स तस्करों की सहायता से तालिबान पाकिस्तान और अन्य देशों के जरिये दुनिया भर में ड्रग्स भेज रहा है। जैसे अफगानिस्तान की अर्थव्यवस्था अफीम की खेती पर निर्भर है, वैसे ही कुछ और देशों की भी। ये देश ड्रग्स के पैसे से हथियार भी खरीदते हैं। आतंकी संगठन भी ड्रग्स के पैसे से फल-फूल रहे हैं। एक समय कोलंबिया में बनने वाली हेरोइन और कोकीन की खपत अमेरिका और अन्य विकसित देशों में होती थी। अमेरिका की तत्कालीन रीगन सरकार ने कोलंबिया के ड्रग तस्करों के खिलाफ युद्ध सा छेड़ा। इसके बाद अमेरिका में कुछ हद तक ड्रग्स का उपयोग थमा। इसका कारण यह भी रहा कि वहां ड्रग्स के खिलाफ सामाजिक चेतना आई और लोगों ने धीरे-धीरे उससे कननी काटना शुरू कर दिया।

हजारों वर्षों से मानव खुशी का अहसास पाने के लिए नशीले पदार्थों का सहारा लेता चला आ रहा है। नशे का सेवन व्यक्ति को उसका लती बना देता है। पहले लत लगने में समय लगता था, लेकिन आज के आधुनिक नशीले पदार्थ लोगों को कहीं शीघ्र लती बना देते हैं। जब किसी को नशे की लत लग जाती है तो उसकी शारीरिक एवं मानसिक स्थिति, दोनों पर बुरा असर पड़ता है। इससे उसके आस-पास के लोगों और खासतौर पर उसके परिवार के सदस्यों पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। नशे की लत से अपराध को भी बढ़ावा मिलता है, क्योंकि नशा लोगों के सोच को प्रभावित करता है और उसे बुरी आदतों का शिकार बना देता है। जिस तरह ड्रग्स का चलन बढ़ रहा है, वह चिंता का विषय इसलिए भी है, क्योंकि एक तो यह लोगों की सेहत खराब करता है और दूसरे, उसकी बिक्री से मिलने वाला पैसा आतंकी-अपराधी संगठनों की जेबों में जाता है। ऐसे कई संगठन भारत में भी सक्रिय हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सेना का हेलीकाप्टर क्रैश

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिम इलाके में एक मिलिट्री हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। इस हादसे में सेना के 2 अधिकारियों समेत 6 लोगों की



मौके पर ही मौत हो गई है। इस हादसे की जानकारी पाकिस्तान सेना की मीडिया विंग इंटर-सर्विसेस पब्लिक रिलेशन ने दी है। मिली जानकारी के मुताबिक, यह हादसा फ्लाइंग मिशन के दौरान हुआ है। यह हेलिकॉप्टर बलूचिस्तान के हरनाई के पास रविवार को क्षतिग्रस्त हुआ है। अभी तक इस क्रैश के कारणों की जानकारी नहीं मिली है।गौरतलब है कि बलूचिस्तान में इसी तरह की घटना अगस्त में हुई थी जब पाकिस्तान सेना का एक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में भी एक लेफ्टिनेंट जनरल सहित सभी 6 कमिन्यों की मौत हो गई थी। सेना के मुताबिक, यह हादसा खराब मौसम की वजह से हुआ था। पाकिस्तान प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने जताया दुख पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त पर दुख जताया है। उन्होंने ट्वीट किया, बलूचिस्तान में हुई दुर्घटना से दुखी हूं, मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ है। इस दुख की घड़ी में पूरा देश उनके साथ है। वहीं पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई के नेता फवाद चौधरी ने भी हेलिकॉप्टर हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने ट्वीट किया, हेलिकॉप्टर की उड़ान बहुत खतरनाक होती जा रही है। हमें इंजिनियर डिफेक्ट ढूंढने की जरूरत है।

# बढ़ती महंगाई बेरोजगारी व सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ माकपा कार्यकर्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन- गंगेश्वर दत्त शर्मा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी को रोकने के लिए तुरंत ठोस कदम उठाए जाएं तथा शहरी रोजगार योजना शुरू की जाए। राजद्रोह का कानून रद्द किया जाए! गांव व मजदूर बस्तियों/ कालोनियों में सभी मूलभूत नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। मजदूरों के लिए न्यूनतम वेतन 26000 घोषित गंगेश्वर दत्त शर्मा, सीटू जिला महासचिव रामसागर, सचिव राम स्वारथ, जनवादी महिला समिति की नेता रेखा चौहान, सीटू नेता लता सिंह, गुड़िया देवी, सरस्वती




खाने पीने के सामान पर जीएसटी तुरंत वापस ली जाए! पेट्रोलियम उत्पादों पर सभी उपकर वापस लिए जाएं! सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों एवं संस्थानों को बेचना बंद किया जाए! हर परिवार को राशन कार्ड मुहैया कराया जाए, सभी आवश्यक वस्तुओं विशेषकर दाल और खाद्य तेल को सार्वजनिक वितरण प्रणाली में शामिल किया जाए! मेहनतकशों के बच्चों की पहुंच से शिक्षा को दूर करने वाली राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को रद्द किया जाए! जनवादी अधिकारों और संवैधानिक संस्थानों पर हमले बंद किए जाएं किया जाए आदि मांगों/ समस्याओं को लेकर पिछले 1 सप्ताह से अभियान चलाने के बाद भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय सेक्टर- 8, नोएडा से श्रम कार्यालय सेक्टर- 3, नोएडा तक जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया और पाल सेल्स प्राइवेट लिमिटेड ए- 94/ 3, सेक्टर- 58, नोएडा के प्रबंधकों द्वारा गैरकानूनी तरीके से नौकरी से निकाले गए श्रमिकों को छतिपूर्ति सहित कार्य पर भिजवाने के लिए उप श्रम आयुक्त को ज्ञापन दिया प्रदर्शन को माकपा जिला प्रभारी सुधा, राजकरण सिंह, सुनील पंडित, हुकम सिंह आदि ने संबोधित करते हुए केंद्र प्रदेश सरकार की जनविरोधी मजदूर विरोधी नीतियों की कड़ी निंदा किया इसके बाद माकपा, सीटू, जनवादी महिला समिति के कार्यकर्ताओं ने जंतर-मंतर पर पहुंचकर प्रदर्शन किया जिसे सीपीआईएम की राष्ट्रीय नेता पूर्व सांसद कॉमरेड वृंदा करात, सीपीआईएम दिल्ली एनसीआर राज्य सचिव कॉमरेड के.एम. तिवारी, सचिव मंडल सदस्य आशा शर्मा, मैमूना, पुष्पेंद्र ग्रेवाल, साहिबा फारुकी आदि ने संबोधित किया।

# आगामी नवरात्रि मेला की प्रशासनिक तैयारी पूरी हुई कड़ी सुरक्षा के बीच नवरात्रि मेला चालू

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर।** मैहर मां शारदा की नगरी में लग रहे नवरात्र मेले पर यात्रियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था के मद्देनजर जिले एवं पुलिस प्रशासन द्वारा कोरोना महामारी के दौरान 2 वर्षों में मंदिर मठों में भीड़ पर पाबंदी लगाए जाने के कारण इस वर्ष श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ बढ़ने को मद्देनजर रखते हुए लगभग 1500 पुलिस के जवान और



अधिकारी कर रहे हैं स्पेशल मेला ड्यूटी चप्पे-चप्पे पर है पुलिस की पैनी नजर वहीं तीसरी आंख के रूप में सीसीटीवी कैमरा भी करेंगे निगरानी आज रात से ही पुलिसकमिन्यों और अधिकारियों की मेले के दौरान लगाई गई ड्यूटी जो रेलवे स्टेशन बस स्टेशन से लेकर माता के मंदिर और रोपवे तक व संपूर्ण मेला परिक्षेत्र पर रहेंगे 22 पोलियो में पुलिस के जवान करेंगे ड्यूटी पुलिस मुख्यालय से अतिरिक्त बल भी आएगा मेला ड्यूटी में संपूर्ण चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिसकर्मी यात्रियों की सुरक्षा के लिए तैनात किए गए है सुरक्षा हेतु संपूर्ण मेला क्षेत्र का जायजा सतना कलेक्टर अनुराग वर्मा एसपी आशुतोष गुप्ता एसडीएम धर्मेंद्र मिश्रा एवं अन्य और पुलिस के सीनियर अधिकारी नवरात्रि मेला की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देते हुए उसका जायाजा लिआ अधिकारियों को मेला के संबंध में आवश्यक निर्देश भी दिए जा रहे हैं पुलिस फोर्स से एडिशनल एसपी डीएसपी एवं टीआई रैंक के अधिकारी आज शाम से ही पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अपना काम शुरू कर दिए इस बार देश के विभिन्न राज्यों से आने वाले तथा सतना व पड़ोसी जिले से आने वाले श्रद्धालुओं के सभी चार पहिया दोपहिया वाहन फॉरेस्ट बैरियर पर ही रोक दिए जाएंग 3 एसपी 9 डीएसपी संभालेंगे कमान पुलिस विभाग से प्राप्त जानकारी के मुताबिक नवरात्र मेला की कमान एसपी आशुतोष गुप्ता के मार्गदर्शन से एडिशनल एसपी सुरेंद्र कुमार जैन सहित 3 एडिशनल एसपी 9 डीएसपी 40 टीआई संभालेंगे मेला परिसर में तैनात किए गए पुलिस बल में 9 वीं बटालियन रीवा की कंपनियां रीवा सीधी सिंगरौली का पुलिस बल पीटीएस रीवा एवं उमरिया से आए 300 पुलिस जवान एवं बालाघाट दमोह कटनी उमरिया शहडोल से आए 600 पुलिस जवानों के अलावा सतना जिले के सभी थाने के 400 जवान तैनात रहेंगे आज से 9 दिन होगी अलग-अलग साज-सज्जा शारदा प्रबंधक कमेटी के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक नवरात्रि 9 दिन मां शारदा का अलग-अलग रूपों में श्रृंगार किया जाएगा जिसके लिए अन्य राज्यों से विशेष साज सज्जा संबंधी समान मंगाए गए है।

# दीदी की रसोई ट्रस्ट ने सैकड़ों जरूरतमंदों का बाटा निशुल्क भोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** बच्चों व जरूरतमंद लोगों की सेवा में रात दिन लगी दीदी की रसोई ट्रस्ट ने 25 सितंबर को ट्रस्ट की अध्यक्ष रितु सिन्हा व टीम के सभी सदस्यो के नेतृत्व में तिगड़ी हैबतपुर ग्रेटर नोएडा वेस्ट पर सैकड़ों गरीब बच्चों व जरूरतमंद लोगों को निशुल्क भोजन का वितरण किय इस अवसर पर दीदी की रसोई ट्रस्ट की अध्यक्ष व समाज सेविका रितु सिन्हा ने बताया कि हमारी संस्था लगातार गरीब जरूरतमंद लोगों की सेवा में लगी रहती है और संस्था की ओर से अलग-अलग स्थानों पर प्रतिदिन गरीब जरूरतमंद लोगों, बच्चों को भोजन का वितरण किया जाता है और हमारा यह प्रयास आगे भी निरंतर जारी रहेगा। दीदी की रसोई ट्रस्ट के कार्यों की स्थानीय लोगों ने काफी सराहना किया और टीम सदस्यों का धन्यवाद व्यक्त किया।



# एन एम ए की क्राइम सिक्योरिटी पर संगोष्ठी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** मैंनेजमेंट एसोसीएशन (एन एम ए) द्वारा साइबर क्राइम एंड सिक्यरिटी विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। श्री अनुज कुमार अग्रवाल द्वारा सोशल मीडिया से किए जाने वाले अपराधो के बारे में बताया गया और उससे बचने के उपाय बताये गये। इस प्रोग्राम में अध्यक्ष संदीप मित्तल, सी ए प्रवीण कुमार सिंघल, एस एन सिंघ, ए के गुप्ता एवं सैकड़ों श्रोता उपस्थित थे।




# डॉ0 संदीप सरावगी के समाजसेवी कार्यो की चर्चा पहुँची भाजपा प्रदेश कार्यालय

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**झाँसी।** वह कहावत तो आपने सुनी होगी ठअसली सोने की परख तो जौहरी को ही होती हैठ बस ऐसा ही कुछ घटनाक्रम अचानक झाँसी के झोकन बाग स्थित संघर्ष सेवा समिति कार्यालय में घटित हुआ। बात 23 सितंबर की शाम की है प्रतिदिन की तरह संघर्ष सेवा समिति कार्यालय में सभी सदस्य अपना-अपना काम कर रहे थे अचानक कार्यालय के नीचे गाड़ियों का काफिला रुका। कार्यालय की घंटी बजी समिति के एक सदस्य ने सदस्य ने दरवाजा खोला और सामने दिखे भाजपा के प्रदेश मंत्री देवेश कुमार। यह बात कार्यालय में आग की तरह फैली और सभी सदस्य एकत्रित हो गए। प्रदेश मंत्री को सामने देख सभी अचंभित थे कि अचानक भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश स्तर का इतना बड़ा नेता सामने खड़ा है। इसके बाद संदीप सरावगी और देवेश कुमार के बीच चर्चाओं का दौर 2 घंटे तक चला, इस दौरान उनका भव्य स्वागत भी किया गया। डॉ0 संदीप सरावगी ने अपनी कार्यप्रणाली और योजनाओं को विस्तार से उनके समक्ष रखा जिससे प्रदेश मंत्री काफी प्रभावित



हुए पिछले कार्यों का सचित्र वर्णन भी संदीप सरावगी ने उनके समक्ष रखा। यह सब देख कर प्रदेश मंत्री ने समाजसेवी संदीप सरावगी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और आजीवन समाज सेवा करते रहने का वादा भी लिया साथ ही आश्वासन दिया कि भविष्य में उनके स्तर से जो भी सहायता बनेगी आपके लिए अवश्य करूंगा। डॉ0 संदीप सरावगी के साथ प्रदेश मंत्री ने संघर्ष सेवा समिति की पूरी टीम को भी शुभकामनायें दीं जिससे उनका मनोबल बढ़े और वे समाज सेवा के क्षेत्र में नित नवीन कार्य करते रहें। आपको बता दें विगत कई वर्षों से संघर्ष सेवा समिति समाजसेवा के हर क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है जाति धर्म से परे होकर सभी सदस्य सहायता हेतु असहायों की एक पुकार पर खड़े हो जाते हैं और जो भी संभव सहायता बन पड़ती है निश्चित रूप से करते हैं लेकिन समाजसेवा करते करते यह उम्मीद नहीं लगाई थी कि उनकी संस्था का नाम इतनी ऊपर पहुँच चुका है समिति के सभी सदस्यों के लिए यह गर्व का विषय है कि प्रदेश स्तर का बड़ा नेता उनसे मिलने कार्यालय आया और उनका उत्साहवर्धन भी किया।

# पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी की जयंती मनाई गई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** भाजपा के हर मंडल के हर बूथ पर सभी कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर पं दीन दयाल उपाध्याय जी की जयंती मनायी और साथ ही प्रधानमंत्री जी की मन की बात को भी सुना। कार्यक्रम में राष्ट्रीय, प्रदेश, क्षेत्र, ज़िला और मंडल साथ ही शक्ति केन्द्र (बूथ) संयोजक, बूथ अध्यक्ष के साथ सभी अधिकारी अपने अपने शक्ति केंद्र पर रहे गनन विकास संस्थान के अध्यक्ष दर्जा प्राप्त मंत्री नबाब सिंह नागर सेक्टर 22 में रहे, उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपध्यक्षा श्रीमती सुषमा सिंह सेक्टर 71 में रहीं, ज़िला अध्यक्ष मनोज गुप्ता सेक्टर 41 में रहे, प्रदेश सोशल मीडिया सह संयोजक हर्ष चतुर्वेदी सेक्टर 15 में रहे, क्षेत्रीय मंत्री बिजेंद्र नागर सेक्टर 27 में रहे, नॉएडा प्रभारी बसंत त्यागी सेक्टर 31 में रहे, महामंत्री डिम्पल आनंद सेक्टर 56 में रही, चंदगी राम यादव ग्राम चोटपुर में रहे, उमेश त्यागी सेक्टर ग्राम सुल्तानपुर में रहे, गणेश जाटव सेक्टर 53 में रहे, मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर सेक्टर 93 में रहे। नवाब सिंह ने कहा भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य, एकात्म मानववाद दर्शन के प्रणेता,'अंत्योदय'का मार्ग प्रशस्त करने वाले महान चिंतक श्रद्धेय पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। आपका जीवन-दर्शन हम सभी के लिए पाथेय है। मनोज गुप्ता ने कहा पंडित जी का आर्थिक दर्शन, समाज को सशक्त बनाने के उद्देश्य से नीतियां और अंत्योदय का दिखाया मार्ग आज भी



प्रासंगिक और प्रेरणादायक है आज मोदी जी ने भी मन की बात कार्यक्रम में उनको सबसे पहले नमन कर कार्यक्रम की शुरूरत की। आज के कार्यक्रम में सभी मंडल अध्यक्ष अशोक मिश्रा, सूरज पाल राणा, कल्लू सिंग, लोकेश कश्यप, गोपाल गौर, बबलू यादव, पंकज झा, राम मेहर कौशिक, उपाध्यक्ष मनीष शर्मा, यधवीर चौहान, राकेश शर्मा, गिरिजा सिंह, गिरीश कोटनाला, विनोद शर्मा, अहसान खान, चमन आवना, रवि यादव, प्रमोद बहल, पूनम सिंग, इंद्रजीत जाटव, लोकेश यादव, शिवांश श्रिवास्टव, अमित त्यागी, सुचित्रा कंकड़, नरेश शर्मा, राजीव त्यागी आदि सभी कार्यकर्ता अपने अपने शक्ति केंद्रों पर रहे।

# बड़े भाई की तरह महेन्द्र की करूंगा सहायता- डॉ0 संदीप सरावगी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**झाँसी।** पिता का साया बचपन में ही सर से उठ गया था, माँ ने किसी तरह महेन्द्र को पाला लेकिन कोरोना बीमारी के चलते 2 वर्ष पूर्व माँ भी काल के गाल में समा गई। अब अकेला बचा महेंद्र अपने जीवन में घर की हालत भी जर्जर हो रही है। बरुआसागर में जनता के बीच असहायों को खोज रही संघर्ष सेवा समिति की टीम ने महेंद्र को खोज निकाला, सारी समस्यायें विस्तार से सुनी गई उनके निराकरण में सहायता देने की बात भी रखी गई सरावगी ने कहा महेन्द्र के सिर से मां बाप का साया तो उठ गया लेकिन बड़े भाई के रूप में मैं हमेशा उसके साथ खड़ा रहूँगा। हम महेंद्र को बेहतर रोजगार दिलाने का भी प्रयास कर रहे हैं साथ ही उसके घर के जीर्णोद्धार के लिए भी हर



यापन के लिए दुकान पर काम करने लगा साथ ही शिक्षा भी ग्रहण कर रहा था लेकिन आंखों में हुई समस्या आड़े आ रही थी महेंद्र को एक आंख से कम दिखाई देता है और दूसरी आंख में रोशनी नहीं है। जैसे तैसे जीवन कट रहा था किसी तरह पैसा इकट्ठा कर महेंद्र ने आंखों का इलाज शुरू करवाया। दिल्ली के एम्स अस्पताल में 27 सितंबर ऑपरेशन की डेट भी मिल गई लेकिन महेंद्र के पास आने जाने और रुकने के लिए पैसे की व्यवस्था नहीं थी ऊपर से बरसात के मौसम आज महेन्द्र संघर्ष सेवा समिति टीम के साथ झोकन बाग स्थित कार्यालय पहुँचा। जहाँ महेंद्र ने पूरी समस्या समाजसेवी डॉ0 संदीप सरावगी के सामने रखी तात्कालिक सहायता के रूप में महेंद्र को कुछ धनराशि प्रदान की गई जिससे वह एम्स जाकर अपना इलाज शुरू करा सके साथ ही महेंद्र को आश्वासन दिया गया जब वह अपना इलाज करा कर लौटेगा तब बाकी समस्याओं के बारे में भी चर्चा की जाएगी और उन्हें उनका निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा। संदीप संभव सहायता करेंगे। इस भावुक पल में महेंद्र की आंखें नम हो गई और उसने भी संघर्ष सेवा समिति के सदस्य के रूप में कार्य करते हुए समाजसेवा का वादा किया। संघर्ष सेवा समिति की पूरी टीम ने उसे सफल ऑपरेशन और सुरक्षित यात्रा हेतु शुभकामनायें दीं। इस दौरान शमीम राइन, उस्मान खान एवं संघर्ष सेवा समिति से विवेक वर्मा, ओ0पी0 यादव, राजू सेन, बसंत गुप्ता, सुशांत गेड़ा आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# सेक्टर 62 के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाले श्रीरामलीला महोत्सव व श्रीरामलीला मंचन का कल होगा शुभारंभ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति द्वारा आयोजित सेक्टर 62 के रामलीला मैदान, सी-57 में कल सायं सात बजे श्रीरामलीला महोत्सव व



श्रीरामलीला मंचन 2022 का शुभारंभ होगा। श्रीरामलीला महोत्सव की सम्पूर्ण जानकारी देते हुए श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति के महासचिव मुनन कुमार शर्मा ने बताया कि श्रीरामलीला मंचन 26 सितंबर से शुरू होकर 06 अक्टूबर तक आयोजित होगा। गयारह दिवसीय श्रीरामलीला मंचन प्रतिदिन सायं सात बजे से रात्रि गयारह बजे तक आयोजित होगा। दिल्ली के प्रख्यात परेड ग्राउंड रामलीला में लगातार 30 वर्षों से मंचन करने वाली मंडली रघुवंश सांस्कृतिक संस्थान के लगभग पचास कलाकार मुख्य निर्देशक अमितोश पंडित के निर्देशन में लीला मंचन करेंगे। श्री शर्मा ने बताया कि श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति द्वारा 30 सितंबर को श्रीराम बारात शोभायात्रा निकाली जायेगी। शोभायात्रा सेक्टर -20 स्थित हनुमान मंदिर से दोपहर 2 बजे प्रारम्भ होगी। डीएम चौराहा, टेलीफोन एक्सचेंज, हरौला, सेक्टर 9,10,11,12,22, 55, खोड़ा लेबर चौक से होते हुये सेक्टर 62, रामलीला मैदान में शोभायात्रा का समापन हो जायेगा। 5 अक्टूबर को सायं पांच बजे 90 फिट के रावण, 85 फुट के कुम्भकरण और 80 फ़ीट के मेघनाथ के पुतलों का दहन होगा। साथ ही साथ महंगाई, भ्रष्टाचार और महिला उत्पीड़न के पुतलों का भी दहन किया जायेगा।उन्होंने बताया कि 06 अक्टूबर को भरत मिलाप तथा श्रीराम राज्याभिषेक के साथ ही ग्यारह दिवसीय श्रीरामलीला महोत्सव का समापन हो जायेगा।

# मनीष शुक्ला की मौत पर निष्पक्ष जांच हुई तो अपराधी होंगे पुलिस की मुट्ठी में: रामनिवास उरमलिया ने उठाई सी बी आई जांच की मांग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर।** कांग्रेस नेता रामनिवास उरमलिया ने कहा है कि श्रमिक नेता मनीष शुक्ला के साथ हुए प्राणघातक हमले और उसके बाद हुई मौत के जिम्मेदारों तक पहुंचने में पुलिस को तब कोई दिक्कत नहीं होगी जब उसे सफेद पोसो के दबाव से मुक्त रखा जाए,क्योंकि निष्पक्ष जांच में यही एक अडंगा होता है जिससे न्याय भटकता है और अन्याय के हौसले बुलंद हो जाते हैं। प्रायः देखा जाता है कि पुलिस को किसी गंभीर मामले में निष्पक्ष जांच करने पर राजनीति आड़े आती है तब न्याय की आशा नहीं रह जाती। श्री उरमलिया ने आगे कहा कि यह तो स्वभाविक बात होती है कि जब इस तरह की कोई घटना होगी तो पीड़ित परिवार और क्षेत्रीय लोग न्याय की मांग करने जिम्मेदारों के पास पहुंचेंगे लेकिन फैक्ट्री प्रबंधन को इतनी भारी तादाद में पुलिस बल बुलाने की क्या जरूरत थी? उन्होंने आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि पूरे घटनाक्रम को देखकर ऐसा लगता है कि श्रमिक नेता के साथ किए गए का घातक हमले का कूट रचित और पूर्व नियोजित षड्यंत्र रहा है जिसमें कई बड़े लोगों का हाथ हो सकता है अतःउक्त घटना की सीबीआई जांच कराई जानी चाहिए तभी रहस्य से पर्दा उठेगा। कांग्रेस नेता श्री उरमलिया ने कहा कि बात कहने की नहीं है कि दिवंगत श्रमिक नेता कथित सीमेंट प्रबंधन में कार्यरत मजदूरों के नेतृत्वकर्ता रहे हैं लिहाजा उक्त प्रबंधन और उसके दलालों का दिवंगत श्रमिक नेता से विरोधाभास रहा है। ऐसी विवादास्पद स्थिति के चलते ही श्रमिक नेता के ऊपर प्राणघातक हमला हो जाता है और यही उनकी मौत का कारण भी बनता है,तब कथित सीमेंट प्रबंधन और उसकी चरण चपटी करने वाले दलालों पर शक की सुई घूमना लाजिमी है। कांग्रेस नेता श्री उरमलिया भोपाल से चलकर रात करीब दस बजे केजेएस सीमेंट पहुंचे जहां पर दिवंगत श्रमिक नेता मनीष शुक्ला का शव रखकर मृतक के परिजन एवं हजारों की तादात में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहकर प्रशासन व सीमेंट प्रबंधन से घटना की न्यायोचित जांच व आवश्यक कार्यवाही किए जाने की मांग कर रहे थे। दिन भर चले संवाद के बावजूद भी मृतक को न्याय नहीं मिल पाया। आखिरकार मौके पर पहुंचे कांग्रेस नेता श्री उरमलिया ने पीड़ित पक्ष की ओर से पैरवी करते हुए प्रशासनिक अमले और कथित सीमेंट प्रबंधन के अधिकारियों से बातचीत की। प्रबंधन द्वारा मृतक के परिजनों को तीस लाख रूपए की आर्थिक सहायता दिए जाने, तथा मृतक की पत्नी को सात हजार दो सौ रूपये मासिक राशि दिए जाने के साथ ही मृतक के दो अबोध बच्चों के शिक्षा दीक्षा की पूर्ण जिम्मेदारी आदि शर्तों की बात कथित प्रबंधन ने स्वीकार की। हालांकि कांग्रेस नेता श्री उरमलिया प्रबंधन के इस निणन्य से संतुष्ट नहीं थे लिहाजा एक करोड़ की राशि दिए जाने की मांग पर अड़े रहे, लेकिन प्रशासन द्वारा आरोपियों की तलाश कर सख्त कार्यवाही किए जाने के आश्वासन तथा क्षेत्रीय जनों के अनुरोध पर उनके तेवर मे नरमी आई।



# सनी देओल की 'चुप' ने 'ब्रह्मास्त्र' के सामने लगाई ऊंची दहाड़, तीसरे दिन भी की ताबड़तोड़ कमाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** डायरेक्टर आर बाल्की ने 'चुप' के ट्रेलर रिलीज के साथ ही बता दिया था कि यह फिल्म काफी अलग होने वाली हैं। सनी देओल और दुलकर सलमान की पहले दिन ही काफी ऊंची दहाड़ लगाई। ओपनिंग डे पर 3.06 करोड़ रुपये की कमाई के साथ खाता खोलने वाली इस फिल्म ने रविवार को भी अच्छा परफॉर्म किया। साउथ स्टार दुलकर सलमान ने इस फिल्म करोड़ पहुंच गई। तीसरे दिन 'चुप' के कलेक्शन में उछाल आया और फिल्म ने 2 करोड़ के करीब का बिजनेस किया। इसके साथ ही इसका टोटल वीकेंड कलेक्शन पहुंचता है 7.13 करोड़ के



फिल्म को ओपनिंग भी जबरदस्त मिली। 23 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई 'चुप' ने तीन दिनों में धांसू कमाई की है। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की 'ब्रह्मास्त्र' को भी इसने कड़ी टक्कर दी है। 'चुप' के वीकेंड कलेक्शन की भी रिपोर्ट आ गई जिसे देखकर कहना गलत नहीं होगा कि सनी देओल ने बॉक्स ऑफिस पर जोरदार प्रदर्शन किया है। 'चुप' ने सिनेमाघरों में के साथ बॉलीवुड में डेब्यू किया है। क्रिटिक्स ने भी फिल्म को अच्छे रिव्यू दिए हैं और 'चीनी कम' और 'पैड मैन' जैसी फिल्म बनाने वाले आर बाल्की ने तो इसे क्राइम थ्रिलर बनाने में जी जान लगा दिया। सनी देओल ने भी चुप के साथ लंबे समय बाद पर्दे पर वापसी की है। उनकी फिल्म ने पहले दिन 3 करोड़ से ज्यादा का बिजनेस किया था, जो दूसरे दिन थोड़ी घटी और 2.7 आसपास। 800 सिनेमा स्क्रीन्स पर रिलीज हुई 'चुप' को नेशनल सिनेमा डे का भरपूर फायदा मिला। 23 सितंबर को देशभर के 4000 से ज्यादा स्क्रीन्स पर फिल्म मात्र 75 रुपये में दिखाई गई। हालांकि आने वाला समय इसके लिए मुश्किलों भरा रहने वाला है। एक तो वीक डे की शुरुआत हो चुकी है और दूसरा इस शुक्रवार, ऋतिक रोशन और आर माधवन की 'विक्रम वेधा' रिलीज हो रही है।

# मंदाना करीमी ने इंटरनेशनल गायक का वीडियो किया शेयर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** मंदाना करीमी ने इंस्टाग्राम पर यंगब्लुड नामक अंतर्राष्ट्रीय गायक का एक वीडियो शेयर किया है। इसमें उन्हें महसा अमीनी को मारने का दुख जताते हुए देखा जा सकता है। इसके साथ उन्होंने लिखा है, 'क्या आप महसा अमीनी के बारे में बात करने थी। उन्होंने ईरान में हिजाब बैन का समर्थन किया था। गायक यंगब्लुड ने भी वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इसके साथ उन्होंने लिखा है, 'स्पीक अप महसा अमिनी।' यंगब्लुड का वीडियो वायरल हो रहा है और इसे इंटरनेशनल लेवल पर अटेंशन मिल रहा है। उनके वीडियो को 2






वाले हैं' क्या आप ईरान के लोगों के साथ जो हो रहा है, उस पर बात करने वाले हैं? हमारी आवाज बनिए, धन्यवाद यंगब्लुड।गौरतलब है कि यंगब्लुड इंटरनेशनल गायक है, जिन्होंने एक लाइव कंसर्ट के दौरान महसा अमीनी के ऊपर किए गए बर्बर हमले पर दुख जताया है, साथ ही उन्होंने विश्व का ध्यान इस ओर आकर्षित किया है कि ईरान में हिजाब का विरोध करने पर महिलाओं को प्रताडि़त किया जा रहा है, जिसका वह विरोध करेंगे। इसके पहले मंदाना करीमी ने भी ईरान में चल रहे हिजाब प्रोटेस्ट पर अपनी प्रतिक्रिया दी घंटे में 1 लाख से ज्यादा लाइक्स मिले है। वहीं इस पर 26 हजार से ज्यादा कमेंट्स किए गए है। मंदाना करीमी सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हैं। वह लगातार इस विषय पर बातचीत करती रहती हैं। इसके अलावा वह अक्सर अपनी हॉट और बोल्ड तस्वीरें और वीडियो भी शेयर करती है। मंदाना करीमी फिल्म एक्ट्रेस है। उन्होंने कई फिल्मों में काम किया है। उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर काफी पसंद की गई है। वह हाल ही में लॉकअप सीजन वन में नजर आई थी। इसके अलावा वह कई फिल्मों में भी नजर आ चुकी है।

# गन्स एंड गुलाब से लेकर सूप तक, यह है नेटफ्लिक्स के आने वाले फिल्में और वेब सीरीज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** नेटफ्लिक्स ने शनिवार, 24 सितंबर शनिवार को अपने एनुअल ग्लोबल फैन इवेंट स्ट्रीम किया। इस इवेंट में ओटीटी के दिग्गजों ने अपनी आने वाली हिन्दी शो के फर्स्ट लुक रिवील किया। और आदर्श गौरव की तिकड़ी मुख्य भूमिका में है। राणा नायडू (राणा दग्गुबाती) के जीवन का पर आधारित फिल्म है। इसमें टॉन्ट ड्रामा में दिखाया जाता है कि कैसे पिता वेंकी (वेंकटेश) को जेल से रिहा कर दिया जाता है, जिससे क्राइम-ड्रामा फिल्म सूप को अभिषेक चौबे ने डायरेक्ट किया है। नेटफ्लिक्स के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर सूप का धमाकेदार टीजर भी रिलीज किया जा चुका है। कैट यह गुरनाम के बारे में है, जो एक पूर्व नागरिक मुखबिर,







दुलकर सलमान और राजकुमार राव की गन्स एंड गुलाब से लेकर राणा दग्गुबाती और वेंकटेश की राणा नायडू तक, यहां देखें नेटफ्लिक्स आने वाले नई वेब सीरीज और फिल्मों की पूरी लिस्ट द फैमिली मैन फेम राज एंड डीके की फिल्म गन्स एंड गुलाब, जो कि मिसफिट्स से प्रेरित है। फिल्म में 90 के दशक को दिखाया गया है। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है जिसमें राजकुमार राव, दुलकर सलमान नायडू परिवार को हिला देने वाली घटनाओं की एक सीरीज शुरू हो जाती है। हंसल मेहता का स्कूप जिगन वोरा की बायोग्राफी बुक बिहाइंड द बार्स इन बायकुलाः माई डेज़ इन प्रिज़न से प्रेरित है। करिश्मा तनन एक पत्रकार की भूमिका में हैं। इस वेब सीरीज में मोहम्मद जीशान अय्यूब, हरमन बावेजा और शिखा तलसानिया भी हैं। मनोज बाजपेयी और कोंकणा सेन शर्मा जैसे दिग्गज एक्टर्स की कॉमेडी रणदीप हुड्डा पर आधारित है। जिसे अपने भाई के जीवन को बचाने के लिए फिर से अपनी पुरानी नौकरी करने के लिए मजबूर किया जाता है।यह रिवेंज ड्रामा सीरीज पंजाब की पृष्ठभूमि पर आधारित है। क्लास लोकप्रिय स्पेनिश सीरीज एलीट, का भारतीय रूपांतरण हैं। इसमें गुरफतेह पीरजादा, चिंतन रच, और चयन चोपड़ा के कलाकारों की टुकड़ी शामिल है।

# राजू श्रीवास्तव की प्रार्थना सभा में कपिल शर्मा समेत पहुंचे कई सितारे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन और एक्टर राजू श्रीवास्तव का 21 सितंबर को दिल्ली के एम्स अस्पताल में निधन हुआ था। करीब 42 दिनों की लड़ाई के बाद उन्होंने अंतिम सांस सभी ने नम आंखों के साथ राजू श्रीवास्तव को याद किया। बता दें कि कॉमेडियन के परिवार ने एक नोट जारी करके इस प्रेयर मीट की जानकारी दी थी। राजू श्रीवास्तव की प्रार्थना सभा का वीडियो सामने कॉमेडियन के परिवार ने आज दोपहर 4 बजे से शाम 6 बजे तक प्रार्थना सभी रखी थी। राजू श्रीवास्तव को 10 अगस्त को जिम में वर्कआउट दौरान दिल का दौरा पड़ा था, जिसके बाद उन्हें एम्स में





ली। 22 सितंबर को उनका अंतिम संस्कार नई दिल्ली के निगमबोध घाट पर किया गया। वहीं आज 25 सितंबर को राजू श्रीवास्तव के लिए प्रार्थना सभा का आयोजन किया, जिसमें टीवी और फिल्म इंडस्ट्री के कई सितारे शामिल हुए। रविवार को राजू के परिवार वालों ने मुंबई के इस्कॉन मंदिर में एक प्रार्थना सभा रखी। इस दौरान आया है। वीडियो में कपिल शर्मा, भारती सिंह और हर्ष लिम्बाचिया नजर आ रहे हैं। कपिल और भारती के चेहरे पर एक दोस्त को खोने का गम साफ नजर आ रहा है। सेलिब्रिटी फोटोग्राफर विरल भयानी ने शेयर किया है। राजू श्रीवास्तव की प्रार्थना सभा में अभिनेता जॉनी लीवर और अब्बास मस्तान भी शामिल हुए। रिपोर्ट्स के मुताबिक भर्ती करवाया गया था। बीते 42 दिन से वेंटिलेटर पर मौत से जंग लड़ रहे थे। राजू श्रीवास्तव ने अपने करियर में कई फिल्मों और कॉमेडी शो में काम किया। उन्होंने फिल्म 'मैंने प्यार किया', 'बाजीगर' जैसी कई फिल्मों में काम किया। उन्होंने साल 2005 में द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज में हिस्सा लिया था।

# जानें- कौन हैं तुषार कालिया करण जौहर की फिल्म से मिला था बड़ा ब्रेक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** रोहित शेट्टी का शो 'खतरों के खिलाड़ी 12' का ताज प्रसिद्ध डांसर और कोरियोग्राफर तुषार कालिया ने अपने नाम किया। फाइनल में तुषार को टक्कर फैसल शेख ने दी। पहले से ही तुषार को और कोरियोग्राफर हैं, जिन्हें कंटेंपरेरी, हिप हॉप, जैस, कत्थक स्टाइल के लिए जाना जाता है। तुषार का जन्म 7 मार्च 1987 में चंडीगढ़ के एक छोटे से गांव मैं हुआ था। इन्होंने शुरुआती पढाई नोएडा से की और फिर दिल्ली दिया था। कोरियोग्राफर का कहना है कि अगर वो रियलिटी शो न करते तो उन्हें ये मौका शायद ही मिल पाता। इस फिल्म के बाद उन्हें एक के बाद एक कई बॉलीवुड फिल्में मिली। अब तक वह फिल्म ओके जानू, हाफ गर्लफ्रेंड, करीब करीब सिंगर, हेट




लेकर काफी बज बना हुआ था। अंत में वही हुआ जिसकी सबको उम्मीद थी। फैसल शेख, तुषार के रनअप रहे। इससे पहले टॉप फाइन में तुषार समेत, जनन्त जुबैर, फैजल शेख, मोहित मलिक और रुबीना दिलैक ने अपनी जगह बनाई थी। हालांकि सबको धूल चटाते हुए तुषार कालिया असली खतरों के खिलाड़ी बनें। पूरे सीजन में उन्होंने हर स्टंट में अपनी ताकत और हुनर का परिचय दिया। तुषार कालिया भारत के प्रसिद्ध डांसर विश्वविद्यालय में पूरी की। तुषार के पिता एक बिजनेसमैन और मां कत्थक ट्रेनर रही हैं। ऐसे में तुषार भी इस फील्ड में आएं। मां के काफी कहने के बाद तुषार ने डांसिंग सीखा और मां के कहने पर 'झलक दिखला जा' शो का में हिस्सा लिया, क्योंकि वह बेटे को टीवी पर देखना चाहती थीं। इसके बाद उन्होंने कई शो में जज की भूमिका भी निभाई है। तुषार कालिया को 'झलक दिखला जा' करने के बाद ही करण जौहर ने उनको 'ए दिल है मुश्किल' से पहला मूवी ब्रेक स्टोरी 4, धड़क, नमस्ते इंग्लैंड, द जोया फैक्टर, वार फिल्मों में कोरियोग्राफी कर चुके हैं। बता दें तुषार ने इसी साल अपनी गर्लफ्रेंड त्रिवेणी बर्मन से सगाई की थी। त्रिवेणी बर्मन असम की मॉडल हैं। त्रिवेणी ने साल 2017 में 'फेमिना मिस इंडिया' का खिताब भी जीता था। त्रिवेणी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और अक्सर अपनी ग्लैमरस तस्वीरें शेयर किया करती हैं। खबरों की माने तो ये कपल इस साल शादी के बंधन में बंधन सकता है।

# लवकुश में नजर आएंगे ये बॉलीवुड स्टार्स तैयारी हुई पूरा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।**देश की सबसे प्रसिद्ध लवकुश रामलीला कल यानी 26 सितंबर से दिल्ली में स्थित लाल किले पर शुरू हो रही है। इस मौके पर 25 सितंबर को सभी कलाकारों ने रामलीला की फुल ड्रेस रिहर्सल पूरी की। हर साल की तरह इस साल भी दशहरे के मौके पर लवकुश समिति रामलीला ऑर्गनाइज करा रही है। बॉलीवुड के कई सेलेब्स इस रामलीला का हिस्सा रह चुके हैं। इस बार भी कई एक्टर्स इस स्टेज पर प्रभु श्री राम की महिमा बताते नजर आएंगे। लवकुश रामलीला में इस साल कई बॉलीवुड और टीवी सेलेब्स शामिल हैं। टीवी एक्ट्रेस देबलीना चटर्जी रामलीला में सीता की भूमिका निभा रही हैं। वहीं राघव तिवारी (राम), अखिलेंद्र कुमार (रावण), अरुण मंडोला (लक्ष्मण), निभय वाधवा (हनुमान), असरानी (नारद), मनोज तिवारी(केवट), मंदोदरी (अमिता नांगिया), मनीष चतुर्वेदी (शिव) और मोहित त्यागी विभीषण का रोल निभाने वाले हैं। ये सभी एक्टर्स रामलीला की ड्रेस रिहर्सल में शामिल रहे हैं। इस मौके पर स्पेशल गेस्ट को भी इनवाइट किया गया। लव कुश रामलीला समिति के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने बताया कि- इस साल रामलीला को बॉलीवुड के एक्शन डायरेक्टर मनोज डायरेक्ट करवा रहे हैं। इसलिए हमें नाटक में कई एक्शन सीक्वेंस देखने को मिलेंगे। जो ऑडियंस को बेहद पसंद आएगा। लव कुश रामलीला में एक महीने से अधिक समय तक अपने किरदारों का अभ्यास करने के बाद



27 से अधिक बॉलीवुड सेलेब्स दिल्ली पहुंचे। इस साल 'लगान' के अभिनेता अखिलेंद्र मिश्रा लव कुश रामलीला में रावण की भूमिका निभाते नजर आएंगे। साउथ के सुपरस्टार एक्टर प्रभास भी 5 अक्टूबर को दशहरे में मौके पर रामलीला में शामिल होंगे। खबरों की माने तो इस खास मौके पर एक्टर को चीफ गेस्ट के तौर पर बुलाया गया हैं। बीते दिनों एक्टर को इन्वाइट भेजा गया था जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है।

# अली अब्बास जफर के घर आई नन्ही परी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।**डायरेक्टर अली अब्बास जफर और एलिसिया जफर के घर किलकारियां गुंजी हैं। अली अब्बास जफर पापा बन गए हैं उनकी पतने एलिसिया जफर ने बेटी



को जन्म दिया है। अली अब्बास जफर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से इस खुशखबरी को शेयर किया है। अली अब्बास जफर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट शेयर किया है। अली अब्बास जफर ने पोस्ट में लिखा है, 'एलिसिया और मैंने अपनी जर्नी प्यार के साथ शुरू की जो सीमाओं, रंग और जाति से परे है। हम बहुत भाग्यशाली हैं कि हमने एक-दूसरे को पाया और शादी की। अब लगभग दो साल बाद हम अपनी जिंदगी में सुंदर गिफ्ट के साथ हमें आशीर्वाद देने के लिए अल्लाह के आभारी हैं। वह 24 सितंबर की मिडनाइट 12.25 बजे हमारी जिंदगी में आई। प्लीज खुशी का स्वागत करें। अलीजा जहरा जफर।' अली अब्बास जफर ने साल 2021 में देहरादून में बेहद सादगी से एलिसिया से शादी रचाई थी। अली ने अपनी शादी को मीडिया की चकाचौंध से दूर रखा था। इस कपल की लव स्टोरी की बात करें तो दोनों करीब तीन साल तक एक दूसरे को डेट किया था। दोनों की पहली मुलाकात टाइगर जिंदा है के सेट पर 2017 में हुई थी। एलिसिया मूल रूप से ईरानी है, लेकिन फ्रांस में ही पली-बढ़ी हैं। एलिसिया मूवी के एक गाने में भी नजर आ चुकी हैं। खबरों की माने तो अली अब्बास ने एक बार फिर सलमान खान को अपनी आने वाली फिल्म के लिए साइन किया है। कहा जा रहा है कि ये फिल्म भी एक एक्शन फिल्म होगी। सलमान खान ने इस फिल्म के लिए हां कर दी है। ये फिल्म साल 2024 में रिलीज हो सकती है। इससे पहले दोनों 'सुल्तान', 'टाइगर जि़ंदा है' और 'भारत' जैसी फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं।

# सलमान खान ने एक बार फिर अली अब्बास से मिलाया हाथ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** सलमान खान जल्द 'किसी का भाई किसी की जान' फिल्म में नजर आने वाले हैं। हाल ही में इसका टीजर रिलीज हुआ था, जिसमे सलमान खान का नया अवतार देखने को मिला। लंबे बालों में सलमान को पहचान पाना मुश्किल हो रहा था। इसी बीच अब सलमान के फैंस के लिए एक और खुशखबरी सामने आई है। फेमस डायरेक्टर अली अब्बास जफर के साथ एक बार फिर सलमान खान की जोड़ी नजर आने वाली हैं। खबरों की माने तो सलमान खान ने अली के साथ हाथ मिलाया है। कहा जा रहा है कि अली अपनी नई फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं।

# अर्चना पूरन सिंह ने चार साल तक छुपाकर रखा था शादी का राज, वजह जानकर होंगे हैरान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

26 सितंबर को अपना 60वां जन्मदिन मना रही हैं। साल 1998 में रिलीज हुई फिल्म 'कुछ कुछ होता है' में अर्चना पूरण सिंह ने मिस ब्रिगेंजा का रोल प्ले किया था। उनका किरदार इतना फनी था कि आज भी लोग उन्हें इसी नाम से याद करते हैं। जन्मदिन के इस मौके पर हम आपको एक्ट्रेस की पर्सनल लाइफ का वो किस्सा बता रहे हैं जिसका खुलासा उन्होंने सालों पर खुद टीवी पर पूरी दुनिया के सामने किया है जिसे उनकर सबके होश उड़ गए थे।अर्चना पूरन सिंह ने एक्टर परमीत सेठी से 1992 में शादी की थी। इस कपल ने दुनिया से अपनी शादी को पूरे 4 साल तक छुपकर रखा था। एक इंटरव्यू में शादी को छुपाकर रखने के बारे में अर्चना ने कहा था कि- पुराने दिनों में फिल्म इंडस्ट्री की सोच थी कि अगर एक महिला शादीशुदा है, तो उसका काम कम हो जाएगा।





स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।